CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 13°C

मुरादाबाद, सोमवार 16 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 210 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 26 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



आदतन गलती दोहराने वाले पेपर केंद्रों को प्रतिबंधित करने की जरूरत : योगी पेज 2



आईसीसी ने आगा सलमान को लगाई फटकार और एक डिमेरिट अंक दिया खेल टाइम्स



डाटा, सहमति और संविधान : डिजिटल शक्ति पर भारत को पुनर्विचार करना होगा सम्पादकीय



ईरान में सत्ता परिवर्तन की उम्मीदें धूमिल, नेतन्याहू के सामने नई सियासी चुनौती पेज 12

## 26वां रोज़ा

### रमज़ान की 27वीं रात ही शब-ए-कद्र!




जिस दिन छब्बीसवां रोज़ा होता है, उस तारीख को माहे-रमज़ान की सत्ताईसवीं रात होती है। इस रात को ही अमूमन शबे-कद्र में शुमार किया जाता है। हालांकि हदीसे-नबवी में ज़िक्र है कि शबे-कद्र को रमज़ान के आखिरी अशरे की ताक रातों जैसे 21वीं, 23वीं, 25वीं, 27वीं, 29वीं रात में तलाश करो, लेकिन हज़रत उमर और हज़रत हुजैफा और असहाबे-रसूल में से बहुत से लोगों को यकीन था कि रमज़ान की सत्ताईसवीं रात ही शबे-कद्र है। सवाल यह उठता है कि शबे-कद्र क्या है? शब के माश्नी है रात, कद्र के माश्नी है इज़्ज़त। शबे-कद्र यानी ऐसी शब जो कद्र वाली है। माहे-रमज़ान के आखिरी अशरे में ही शबे-कद्र यानी इज़्ज़त और अज़्मत वाली ये रात आती है।

# ईरान का इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला, अमेरिकी दूतावास नष्ट

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका- इजरायल और ईरान जंग का रविवार को 16वां दिन था। ईरान ने रविवार को इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मिसाइल के टुकड़े गिरने से उस इमारत को नुकसान पहुंचा है, जहां अमेरिकी डिप्लोमेट काम करते हैं।

हालांकि रिपोर्ट्स में ये नहीं बताया गया कि यह इमारत किस शहर में है। इजरायल में अमेरिका का दूतावास यरुशलम में है और राजधानी तेल अवीव में भी उसका एक बड़ा दफ्तर है। वहीं ईरान के खार्ग द्वीप पर अमेरिकी हमले के बाद भी तेल टैंकरों में ऑयल लोडिंग का काम जारी है। रिपोर्ट के मुताबिक वहां 5 टैंकर पहले ही फ्यूल ऑयल भर चुके हैं और 2 टैंकर अभी तेल लोड होने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि ये टैंकर किस देश या कंपनी के हैं। ईरान ने कहा है कि देश के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई पूरी तरह ठीक हैं और उन्हें कोई चोट नहीं लगी है। इससे पहले ब्रिटिश मीडिया द सन ने अपनी -शेष पृष्ठ दो पर



- **खार्ग द्वीप पर अमेरिकी हमले के बावजूद भी ऑयल लोडिंग जारी**
- **ईरान बोला: सुप्रीम लीडर मुजतबा पूरी तरह ठीक**

### इजरायली पीएम जिंदा है, तो ढूंढकर मारेंगे: ईरान

**तेहरान।** आईआरजीसी ने कहा है कि अगर इजरायली प्रधानमंत्री बेन्जामिन नेतन्याहू जिंदा हैं, तो वो उनका पीछा कर उन्हें मार डालेगा। आईआरजीसी ने नेतन्याहू को 'बच्चों का हत्यारा' बताया है। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी इरना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। वहीं दक्षिण अफ्रीका में ईरानी दूतावास ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि इससे बिल्कुल भी फर्क नहीं पड़ता कि नेतन्याहू जिंदा हैं या मर चुके हैं। एक मिनाबी लड़की के बाल का एक भी रेशा, उनके पूरे वजूद से कहीं ज्यादा कीमती है। इस मामले में सवाल यह भी उठता है कि अगर बेन्जामिन नेतन्याहू जिंदा हैं, ऐसा आईआरजीसी ने क्यों कहा है और यह दावा या अफवाह कहां से शुरू हुआ है कि बेन्जामिन नेतन्याहू जिंदा हैं या नहीं, हालांकि कई खबरों के मुताबिक, इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने नेतन्याहू की मौत की बात को फेक न्यूज बताया है। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जंग की शुरुआत में ही ईरानी अधिकारियों ने बताया था कि दक्षिणी ईरान के शहर मीनाब में लड़कियों के एक स्कूल पर हमला हुआ, जिसमें 160 से ज्यादा लोग मारे गए।

### यूएई में भारतीय जहाज में तेल भरते वक्त हमला, स्टाफ सुरक्षित, शिप भी रवाना

**तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग की वजह से जहाजों को खाड़ी देशों से ऑयल लाने में दिक्कत हो रही है। भारत के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के मुताबिक शनिवार को यूएई के फुजैराह ऑयल टर्मिनल पर हमला हुआ था। इस दौरान भारतीय झंडे वाला जहाज जग लाड़की वहां तेल भर रहा था। जहाज पर मौजूद सभी भारतीय स्टाफ सुरक्षित हैं। जहाज ने लगभग 80,800 मीट्रिक टन क्रूड ऑयल लोड किया और अब सुरक्षित रूप से भारत की ओर रवाना हो गया है।

# बंगाल व असम समेत पांच राज्यों में चुनाव का ऐलान

**असम, केरल व पुड्डुचेरी में 9 अप्रैल, तमिलनाडु में 23 अप्रैल व प. बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग**

**नतीजे 4 मई को आएंगे, चुनावों की घोषणा के साथ ही 5 राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी में विधानसभा की कुल 824 सीटों के लिए आम चुनाव नौ अप्रैल से 29 अप्रैल के बीच कराने की घोषणा की है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को यहां एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बताया कि असम की 126 सीटों, केरल की 140 और पुड्डुचेरी की 30 सीटों के लिए एक चरण में चुनाव नौ अप्रैल को कराया जाएगा। तमिलनाडु की 234 सीटों पर मतदान एक चरण में 23 अप्रैल को होगा। पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को कराए जाएंगे। राज्य की कुल 294 सीटों में से पहले चरण में 152 सीटों के लिए और दूसरे चरण में 142 सीटों के लिए चुनाव होगा। इन सभी राज्यों और पुड्डुचेरी विधानसभा चुनाव की मतगणना चार मई को कराई जाएगी। चुनावों की घोषणा के साथ ही इन राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। ज्ञानेश कुमार ने बताया कि चार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में 17.4 करोड़ मतदाताओं के लिए करीब 2.19 लाख मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं। चुनाव कार्य के लिए आयोग ने लगभग 25 लाख चुनाव कर्मियों को लगाने की घोषणा की है ताकि मतदान स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से कराए जा सकें। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा आयोग ने इन राज्यों का दौरा कर वहां के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों, राज्यों के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के बाद की है। संवाददाता सम्मेलन में चुनाव आयुक्त डा. एसएस संधु और विवेक जोशी भी उपस्थित थे। श्री कुमार ने कहा कि आयोग प्रत्येक मतदाता का मतदान केंद्र पर स्वागत करने के लिए तैयार है। हम खासकर पहली बार वोट डालने वाले और युवा मतदाताओं से अपील करते हैं कि वे अपने मताधिकार का उत्साह, आत्म सम्मान और विवेक के साथ प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।



- **सीईसी ज्ञानेश कुमार ने विशेष संवाददाता सम्मेलन में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की**

### राज्यसभा चुनावः भाजपा ने ओडिशा से 82 विधायक पारादीप भेजे

- **कांग्रेस के 8 एमएलए बेंगलुरु में रुके, राज्य की चार सीटों पर 16 मार्च को वोटिंग**

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले भाजपा ने अपने 82 विधायकों को पारादीप भेज दिया है। पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल, सांसद सुजीत कुमार और निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय के समर्थन में रणनीति बनाने के लिए यह कदम उठाया है। शनिवार शाम भुवनेश्वर स्थित भाजपा मुख्यालय में बैठक के बाद मंत्री और विधायक दो लग्जरी बसों से पारादीप के लिए रवाना हुए। पार्टी सूत्रों के मुताबिक सभी विधायक पारादीप में दिलीप राय के होटल में ठहरेंगे। इससे पहले कांग्रेस ने भी अपने आठ विधायकों को बेंगलुरु के वंडरला -शेष पृष्ठ दो पर

# दरोगा भर्ती परीक्षा के विवादित प्रश्न पर योगी के मंत्री को ऐतराज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है।

इस मामले में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कड़ा ऐतराज जताते हुए इसे बेहद आपत्तिजनक बताया है। इस बाबत रविवार को एक बयान जारी कर उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि परीक्षा में पूछे गए प्रश्न अवसर के अनुसार बदलने वाला के लिए दिए गए विकल्पों में 'पंडित' शब्द को शामिल करना न तो उचित है -शेष पृष्ठ दो पर

### विवादित प्रश्न को लेकर जांच के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने दरोगा भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं के बीच अपना पक्ष रखते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। बोर्ड ने कहा है कि 14 मार्च को सम्पन्न हुई उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की लिखित परीक्षा की पहली पाली में पूछे गए एक प्रश्न के संबंध में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### भर्ती परीक्षा में पंडित को 'अवसरवादी' बताने के खिलाफ दी तहरीर

**लखनऊ।** यूपी पुलिस प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित यूपी एसआई भर्ती परीक्षा में पंडित को 'अवसरवादी' बताने वाले प्रश्न के जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर लखनऊ के हजरतगंज थाने में तहरीर दी गई है।




### एयर इंडिया की अबु धाबी, रस अल खैमा, शारजाह की उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया और उसकी सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की रविवार 15 मार्च की अपनी कई विशेष उड़ानें रद्द कर दी हैं। टाटा समूह की कंपनियों ने रविवार को बताया कि यूएई हवाई अड्डा प्राधिकरण के निर्देश पर ये उड़ानें रद्द की गई हैं।

# उत्तर भारत में यकायक बदला मौसम का मिजाज

## उत्तराखंडः केदारनाथ-पिथौरागढ़ में बर्फबारी, नैनीताल में ओले गिरे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के अलग-अलग हिस्सों में कई तरह का मौसम देखने को मिल रहा है। उत्तराखंड के केदारनाथ-पिथौरागढ़ में बर्फबारी हो रही है, वहीं नैनीताल में ओले गिरे हैं। मौसम विभाग ने 12 जिलों में आंधी-बारिश और बर्फबारी का अलर्ट किया है।

उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के एक्टिव होने से आंधी और बारिश का असर है। आज यूपी के 35 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। वहीं, राजस्थान के 10 जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी है। मध्य प्रदेश के भी 12 जिलों में बारिश की संभावना है। नर्मदापुरम जिले का तापमान पिछले तीन दिन से लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बना हुआ है। शनिवार को भी 40.4 डिग्री सेल्सियस रहा। ऐसे में हीट स्ट्रोक खतरा है। वहीं दिल्ली में रविवार सुबह हुई हल्की बारिश से पिछले एक सप्ताह की गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिन भर हल्की बारिश की संभावना है। इस कारण शहर के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है।




- **मप्र में तापमान 40 डिग्री पार, यूपी के 35, राजस्थान के 10 जिलों में आंधी-बारिश संभव**



मुक़द्दस रमजान माह की मुबारकबाद



26वां रोजा वक्त इफ्तार 16 मार्च शाम 6:29

27वां रोजा वक्त सहरी 17 मार्च सुबह 5:01

मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़ विधानसभा क्षेत्र


# आसपा ने लिया चन्द्रशेखर को सीएम बनाने का संकल्प

## दलितों के नायक कांशीराम का मनाया जन्मदिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आसपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चन्द्रशेखर को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार कार्यकर्ताओं ने स्थानीय बाल भवन में आज पार्टी का स्थापना दिवस एवं दलितों के नायक कांशीराम का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया। इस मौके पर आसपा के मुरादाबाद मंडल के प्रभारी मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी, नजीबाबाद के चेयरमैन इंजी. मुअज्जम खां, चांदपुर के पूर्व चेयरमैन व भावी विधायक शेरबाज पठान, आसपा की प्रदेश कौर कमेटी के सदस्य व बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के मजबूत भावी प्रत्याशी मौलाना अतीकुर्रहमान कासमी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी गौहर इकबाल एड. आदि ने केक काट कर कांशीराम का जन्मदिन मनाया।



कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए मुरादाबाद मंडल के प्रभारी एवं साहनपुर के चेयरमैन मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि हमें अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदशेखर को मुख्यमंत्री बनाने के लिए आगामी चुनाव में पूरी ताकत लगानी है। उन्होंने कहा कि जनपद की आठों सीटों पर हर हाल में जीत दर्ज करनी है। उन्होंने कहा कि आसपा दबे कुचले समाज की लड़ाई को मजबूती के साथ लड़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आसपा की बड़ी-बड़ी रैलियां हो रही है, जिसमें जनसैलाब उमड़ रहा है। जो इस बात की गवाही है कि प्रदेश में अगली सरकार आसपा की बनने जा रही है।

चांदपुर के पूर्व चेयरमैन व भावी विधायक शेरबाज पठान ने कहा कि आसपा प्रदेश में मजबूत ताकत बन कर उभरी है। जिससे दूसरे राजनीतिक दलों के नेताओं की नींद हराम हो रही है। उन्होंने कहा कि जनपद की आठों सीटों पर आसपा के प्रत्याशी रिकार्ड वोटों से जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि कांशीराम के मिशन को आसपा ही आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश है और इसी के सहारे हम सत्ता हासिल करेंगे। भाजपा सरकार से पीड़ित जनता आसपा के पक्ष में मतदान करेगी। नजीबाबाद के चेयरमैन इंजी. मुअज्जम खां ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को जनता आजमा कर देख चुकी है। जनता का यह राजनीतिक दल विश्वास खो चुके हैं। इन दलों के नेताओं ने सांसद व विधायक बन कर जनता के साथ गद्दारी की है।

इस मौके पर गौहर इकबाल एड, मौलाना अतीकुर्रहमान कासमी, अशरफ जमील सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार, भीम सैन हल्दिया, रजत कुमार, प्रशांत महासागर, जितेन्द्र राणा आदि ने अपने विचार रखें। संचालन झालू के पूर्व चेयरमैन शहजाद अहमद ने किया। कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश देखा गया। पूरे जनपद से पार्टी कार्यकर्ताओं ने यहां पहुंच कर आसपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया।

# दिन दहाड़े थोक व्यापारियों से मारपीट में मुकदमा दर्ज

## तीनों आरोपी किए गए गिरफ्तार

**नगीना।** आज दिन दहाड़े नगर में वनस्पति तेल के एक थोक विक्रेता की दुकान पर कुछ लोगों ने व्यापारियों को मारपीट कर घायल कर दिया। वहां मौजूद ग्राहक सहम गए। पीड़ितों की ओर से नामजदों के खिलाफ तहरीर दी गई है। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मारपीट की घटना मंडी मौलगंज में हुई।

वनस्पति तेल के थोक व्यापारी मौहल्ला मंडी मौलगंज निवासी संजय जैन पुत्र स्व. बालकिशन जैन ने आज पुलिस को तहरीर देकर आपबीती सुनाई। उन्होंने कहा कि अभियुक्तगण कयामुद्दीन पुत्र जमालुद्दीन, आवेश व परवेज पुत्रगण कयामुद्दीन निवासीगण मौहल्ला नौमी, कस्बा व थाना बढ़ापुर द्वारा उसके साथ गाली-गलौच करते व जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई तथा बचाव में आए उसके पुत्र का गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया गया और उसके बड़े भाई को दुकान पर रखे लोहे का बाट से वार कर घायल कर दिया। थाना प्रभारी अवनीत मान ने बताया कि प्राप्त शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं 115 (2), 352, 351(3), 333, 109(1) बीएनएस में मुकदमा 65/26 दर्ज कर लिया गया है। वहीं चौकी लाल सराय प्रभारी सोहन सिंह पुंडीर ने अपनी टीम के साथ त्वरित कार्यवाही करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से तीनों आरोपियों को जिला कारागार भेज दिया गया।

# पुराना धामपुर प्रकरण को राजनीतिक रंग न दिया जाए : विवेक सेन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सांसद प्रतिनिधि व आजाद समाज पार्टी के संस्थापक सदस्य सहित जिला पंचायत के सदस्य विवेक कुमार सेन ने कहा कि पुराना धामपुर प्रकरण में जिस तरह से राजनीति हो रही है, वह बिल्कुल गलत है। उन्होंने कहा कि समाज में हर हाल में भाईचारा कायम रहना चाहिए।



## एक व्यक्ति की हरकत की सजा परिवार व समाज को देना गलत

पुराना धामपुर क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य एवं धामपुर विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी विवेक कुमार सेन ने पुराना धामपुर प्रकरण में हो रही राजनीति पर चिंता जताते हुए कहा कि एक व्यक्ति ने जितनी और जिस तरह की हरकत की है, उसको उतनी ही सजा मिलनी चाहिए थी। किसी एक व्यक्ति की हरकत की सजा उसके परिवार एवं समाज को नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस घटना से उन्हें दुख पहुंचा है। उन्होंने कहा कि सभी को आपस में भाईचारे के साथ रहना चाहिए और किसी का भी दिल नहीं दुखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शांति, सद्भाव व भाईचारे में ही देश व समाज की भलाई होती है। उन्होंने कहा कि यहां पर सभी आपस में भाईचारे के साथ रहते आए है। पुराना धामपुर में कभी कोई ऐसी घटना नहीं हुई है कि इससे किसी समाज को तकलीफ हुई हो। उन्होंने कहा कि दो व्यक्तियों के बीच अगर कोई विवाद होता है, तो उसका समाधान भी दो व्यक्तियों के बीच ही निकाला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति के द्वारा जिस तरह से रात में हरकत की गई थी, वो बेहद गलत थी। उसको सजा मिलनी जरूरी थी और मिलनी चाहिए। लेकिन इसकी आड़ में दूसरों को परेशान करना भी गलत है। उन्होंने कहा कि सभी जिम्मेदार नागरिकों को शांति व्यवस्था बनाए रखने व भाईचारा कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कानून को हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं है, चाहे वह किसी भी समाज का व्यक्ति हो। उन्होंने कहा कि गरीबों की भलाई के लिए काम किए जाने चाहिए। राजनीति विकास के लिए होनी चाहिए।


मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर

रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर

रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति के पूर्व वाइस चेयरमैन
नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर

मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद
अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर

रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व स्पोर्ट्स, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
साजिद कुरैशी
प्रधान पद के भावी उम्मीदवार
ग्राम करौंदा मुस्लिम, कोतवाली देहात

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
कपिल कुमार
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी-19
बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र
समाजवादी पार्टी

# पुराना धामपुर में तनाव, पीएसी व पुलिस बल तैनात

## संघ जिला कार्यवाह के घर हमले के बाद एक दर्जन मकानों पर ताले, कई दुकानें रहीं बंद







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पुराना धामपुर में संघ के जिला कार्यवाह विपिन कुमार के घर पर हुई तोड़फोड़, मारपीट और लूटपाट की घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। घटना के अगले दिन एक नया पहलू सामने आया है। बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी शोएब के परिवार के साथ-साथ आसपास के करीब एक दर्जन परिवार भी अपने-अपने घरों पर ताले लगाकर रातों-रात कहीं चले गए हैं। इससे पूरे इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं कि आखिर यह डर है, खौफ है या किसी संभावित कार्रवाई की आशंका।

घटना के करीब 24 घंटे बाद भी पुराना धामपुर में स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हो सकी है। एहतियात के तौर पर मौके पर पीएसी और भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। रविवार को भी पूरे दिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की नजर हालात पर बनी रही।

उल्लेखनीय है कि शनिवार तड़के पुराना धामपुर निवासी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह विपिन कुमार तथा उनके पड़ोसी अमित शर्मा के घर पर सामने वाली गली में रहने वाले शोएब और उसके साथियों द्वारा घर में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट किए जाने का आरोप लगा था। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपियों ने घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी भी लूट ली थी।

मामला संघ से जुड़ा होने के कारण कुछ ही समय में यह प्रकरण तूल पकड़ गया था। सूचना मिलते ही प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल, क्षेत्रीय विधायक अशोक राणा, एमएलसी अशोक कटारिया, पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, डॉ. एनपी सिंह सहित जिले भर के भाजपा पदाधिकारी, संघ और अन्य संगठनों से जुड़े लोग विपिन कुमार के आवास पर पहुंच गए थे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा भी मौके पर पहुंचे और पुलिस को मामले में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

पुलिस ने घटना के बाद मुख्य आरोपी शोएब को हिरासत में ले लिया था। हालांकि शनिवार दोपहर बाद जब पुलिस उसे मेडिकल परीक्षण के लिए ले जा रही थी, तभी वह पुलिस की गाड़ी से भागने का प्रयास करने लगा।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग करने की कोशिश की, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लग गई। घायल अवस्था में उसे दोबारा गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया।

घटना के बाद शनिवार देर शाम प्रशासन द्वारा जेसीबी की कार्रवाई भी की गई थी। वहीं रविवार को भी पूरे गांव में तनावपूर्ण माहौल बना रहा। कई दुकानदारों ने एहतियातन अपनी दुकानें बंद रखीं और इलाके में लोगों की आवाजाही भी कम दिखाई दी।

बताया जा रहा है कि पुराना धामपुर में जिस गली में आरोपी शोएब का घर है, उसी गली में करीब एक दर्जन मकान हैं। फिलहाल इन मकानों पर ताले लगे हुए हैं और कई परिवार अचानक अपने घर छोड़कर कहीं चले गए हैं। कुछ मकानों के बाहर ताला तो नहीं लगा है, लेकिन बाहर से कुंडी बंद दिखाई दे रही है। वहीं शोएब के घर में भी तोड़फोड़ के निशान और अंदर बिखरा सामान देखा गया है।

फिलहाल पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। घटनास्थल पर पीएसी और पुलिस बल तैनात है तथा पुलिस लगातार गश्त कर रही है। रविवार को भी भाजपा कार्यकर्ताओं और विभिन्न संगठनों के लोगों का घटनास्थल पर आना-जाना लगा रहा। प्रशासन का कहना है कि हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## जाट जागरण समिति ने किया चंद्रवाहिनी चौधरी का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** जाट जागरण समिति ने संघ लोक सेवा आयोग में चयनित ग्राम नांगल जट निवासी चंद्रवाहिनी चौधरी को उनके निवास पर जाकर सम्मानित किया। समिति के संरक्षक डा. लाखन चौधरी ने होनहार बिटिया को मिठाई खिलाई।

चंद्रवाहिनी ने अपने लक्ष्य तक पहुंचने में अपनी माता पूनम देवी, पिता अरुण कुमार व गुरुजनों का आभार व्यक्त किया। जाट जागरण समिति के अध्यक्ष डा. विकास तोमर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से निकल कर बेटियां उच्च शिक्षित होकर व संघ लोक सेवा आयोग जैसी कठिनतम परीक्षा पास कर क्षेत्र व समाज का नाम रोशन कर रही हैं। चंद्रवाहिनी ने समाज के लिए एक रोल मॉडल बन कर बच्चों को भविष्य के लिए प्रेरित करने का काम किया है। इस मौके पर संरक्षक डा. लाखन चौधरी, डा. महेंद्र मलिक, सचेंद्र सिंह, अरविंद लांबा, यशपाल सिंह, राजेश तोमर, प्रशांत, शोवीर सिंह, सचिन अहलावत, डा. कपिल कुमार, राजीव तोमर, राहुल सिंह, बादल तोमर एड., डा. सुयश चौधरी, विकल्प तोमर, आकाश राणा आदि सदस्यगण उपस्थित रहे। चंद्रवाहिनी को जाट जागरण समिति ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा चंद्रवाहिनी को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

गौरतलब है कि जाट जागरण समिति समाज में कर समाज हित में सदैव ऐसी ही प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए सदैव अग्रसर रही है।

# अपर मुख्य सचिव का आपसी प्रेमभाव पर जोर

### नूरपुर में महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण एल. वेंकेश्वर लू ने समाज में भाईचारे व एकता पर जोर दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार विकास खण्ड कार्यालय परिसर में स्थित शहीद रिक्खी सिंह परवीन सिंह सभागार में अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण विभाग एल. वेंक. ेश्वर लू ने कर्मयोग, मद्यनिषेध एवं विकसित भारत संगोष्ठी को सम्बोधित किया। अपर मुख्य सचिव एल. वेंकेश्वर लू को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिलाधिकारी जसजीत कौर व ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने पुष्पगुच्छ के साथ राधा कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रो. मधुसूदन स्वामी ने आध्यात्म तथा विकसित भारत पर संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त किए। ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान व जिलाधिकारी जसजीत कौर ने भारत को विकसित बनाने में महिलाओं की सहभागिता तथा मद्य निषेध तथा कर्मयोग पर अपने विचार व्यक्त किये। महिलाओं की मासिक समस्या मेन्सुरेशन पर खुले मंच पर चर्चा की।

अपर मुख्य सचिव एल. वेंक. ेश्वर लू ने कर्मयोग, मद्य निषेध एवं विकसित भारत पर अपने विचारों में कबीर के दोहे के उदाहरण के साथ कहा कि किसी समस्या का निदान पाने हेतु उस पर चर्चा कर समस्या का समाधान करना चाहिए। हमारा देश का संविधान, देश की एकता व अखंडता को प्रदर्शित करता है। साथ ही देशवासियों को आपस में प्रेम भाव के साथ जोड़ के रखता है। समाज में अच्छाईयों के साथ बुराईयां भी होती है। परन्तु हमें अपने जीवन में केवल अच्छाईयों को ग्रहण करना है। कर्मयोगी व्यक्ति वही होता है, जो अपने कर्मों से समाज को लोगों को जाति व धर्म के आधार पर न देखते हुए समान भाव से देखता है। ईश्वर प्रत्येक जगह है तथा प्रत्येक मनुष्य के हृदय में बसता है। बस व्यक्ति को उसको पहचानने की आवश्यकता है। साथ ही भारत को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए समाज की कुरीतियों व बुराईयों को दूर करते हुए एकता व अखंडता पर जोर देना है। आज हमारे देश में महिलाओं की सहभागिता प्रत्येक क्षेत्र में बढ़ी है।

कार्यक्रम का सफल आयोजन डॉ. दिनेश पाल शर्मा खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में रणविजय सिंह मुख्य विकास अधिकारी, जागेश्वर सिहं जिला समाज कल्याण अधिकारी, रचना गुप्ता जिला विकास अधिकारी, नितिन तेवतिया उपजिलाधिकारी चांदपुर, आलोक कटियार तहस. ीलदार चांदपुर, डॉ. अजीत कुमार जिला प्रशिक्षण अधिकारी आदि मौजूद थे।

# रमजान का आखिरी अशरा शुरू





### ताक रातों में शब-ए-कद्र की तलाश की गुजारिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** मुकद्दस रमजान माह का आखिरी अशरा शुरू हो गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार इबादत का दौर जारी है। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना सुल्तान कासमी ने कहा कि मुकद्दस माह रमजान अब आखिरी अशरे में दाखिल हो चुका है। इस दौर को इस्लाम में खास अहमियत दी जाती है, इसलिए मुस्लिम समाज के लोग इन दिनों ज्यादा से ज्यादा इबादत, तिलावत-ए-कुरआन, जिक्र और दुआ में वक्त गुजारने की कोशिश करते हैं। खास तौर पर रमजान के आखिरी दस दिनों की ताक रातों को बड़ी फजीलत वाली रातें बताया गया है। जिनमें शब-ए-कद्र की तलाश की जाती है।

जुमा बाजार रोड स्थित मस्जिद उमर फारूक के इमाम कारी मसरूर आलम ने बताया कि रमजान का आखिरी अशरा, निजात का अशरा माना जाता है और इन दिनों में इबादत का सवाब भी ज्यादा बताया गया है। उन्होंने कहा कि हदीस में हजरत नबी ए करीम ने फरमाया कि लैयलातुल कद्र को रमजान के आखिरी दस दिनों की ताक रातों में तलाश करो। इसी वजह से 21, 23, 25, 27 और 29 रमजान की रातों को खास अहमियत दी जाती है और मुसलमान इन रातों में इबादत में ज्यादा वक्त बिताते हैं। उन्होंने बताया कि शब-ए-कद्र की रात को इस्लाम में बहुत बाबरकत वाली रात बताया गया है और कुरआन शरीफ में भी जिक्र है कि यह रात हजार महीनों से बेहतर है। इसी वजह से मुसलमान नेकी और सवाब को हासिल करने के लिए इन रातों में जागकर इबादत करते हैं।

उन्होंने कहा कि इन मुबारक रातों में पुरूषों के साथ-साथ महिलाएं और बच्चे भी इबादत में हिस्सा लेते हैं और मस्जिदों व घरों में नमाज, तिलावत और दुआ का सिल. सिला चलता रहता है। कई लोग मस्जिदों में एतिकाफ भी करते हैं और अल्लाह की इबादत में मशगूल रहते हैं। कारी मसरूर आलम ने लोगों से गुजारिश की है कि रमजान के इन आखिरी दिनों को गनीमत समझते हुए ज्यादा से ज्यादा इबादत करें। जरूरतमंदों की मदद करें और अपने गुनाहों की माफी मांगें, क्योंकि यही रमजान के महीने की असली रूह मानी जाती है।

## सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल

**बढ़ापुर।** सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो जोरों से वायरल हो रहा है। पुलिस ने इस मामले में 10 मार्च को केस दर्ज कर लिया था।

सोशल मीडिया पर एक 32 मिनट का मारपीट का वीडियो जोरो से वायरल हो रहा है वीडियो बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम टांडा सिक्कावाला का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में कुछ दबंग एक परिवार के सदस्यों को लाठी-डंडे से पीटते हुए दिखाई दे रहे है। दबंगों ने परिवार की महिला को भी नहीं बख्शा। महिला को भी डंडों से जमकर पीटा। हालांकि परिवार के पीड़ित वासु कुमार पुत्र कृष्ण कुमार की ओर से पुलिस ने 10 मार्च को थाने में मारपीट का केस दर्ज कर लिया था। एक सप्ताह बाद किसी ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है। पीड़ित वासु ने दर्ज केस में कहा कि बीते आठ मार्च को ग्राम सिक्कावाला से एक बारात धामपुर क्षेत्र में गई थी। बारात में गजेंद्र पुत्र राम सिंह के साथ उसकी कहासुनी हो गई थी। उसी बात को लेकर आठ मार्च की रात 10 बजे गजेंद्र के परिवार के मूलचंद, सत्यपाल, युवराज सिंह, गौरव आदि लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए और गाली-गलौज कर मारपीट की।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 12 के सम्पत्ति संख्या 267 जो पालिका के गृहकर/ जलकर अभिलेखों में श्रीमती गुड्डी देवी पत्नी नरेश कुमार के नाम दर्ज है। अतः श्रीमती गुड्डी देवी पत्नी नरेश कुमार का नाम निरस्त कर श्री नौबहार सिंह व श्रीमती चन्द्रा देवी का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस संबंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**न्यायालय उपजिलाधिकारी नगीना**

अपील सं. 409013/2025

1- पूनम उम्र करीब 37 वर्ष पत्नी संजीव कुमार, 2- राजन कुमार उम्र करीब 15 वर्ष नाबालिग पुत्र संजीव कुमार, 3- यामिनी उम्र करीब 12 वर्ष नाबालिग, 4- पूजा उम्र करीब 8 वर्ष नाबालिग पुत्रीगण संजीव कुमार संरक्षिका सगी माता स्वयं पूनम पत्नी संजीव कुमार निवासीगण ग्राम बेदारबख्तपुर जादो परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर।

**-प्रार्थनी/अपीलार्थी**

**बनाम**

1- अशरफी उम्र करीब 55 वर्ष पत्नी गोविन्द निवासी ग्राम समीपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर, 2- सरोज वाला उम्र करीब 50 वर्ष पत्नी मुंशीराम निवासी ग्राम छितावर तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर, 3- हिृदेश देवी उम्र करीब 45 वर्ष पत्नी रामलाल निवासी ग्राम तरकोला तहसील व जिला बिजनौर। **-रेस्पोडेन्ट**

**धारा**-35 (2) **यू.पी.आर.सी.** 2006

मौजा- चमरूनवादा

परगना व तहसील-नगीना

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत स्थाई निषेधाज्ञा/ वसीयत/ बैनामा/ दान पत्र कैंसिलेंशन के संबंध में दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 18-03-2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत के जो मुकदमा के हालात से करार बाकई वाकिफ किया गया है और जो कुछ उमुर अहम मुतालिक के मुकदमा का जवाब दे सके या जिस के पास और कोई सख्श हो जो सवालात की दे सके। हाजिर हो और जवाब देही दावा करे कि आपको लाजिम है उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर बताईये अपना जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, जो मुकदमा बगैर हाजिर आपका समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांक:- 18.03.2026

**न्यायालय उपजिलाधिकारी नगीना**

# रमजान के आखिरी अशरे में भव्य इफ्तार

### अकरम अंसारी की इफ्तार पार्टी में उमड़ा सैलाब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मुकद्दस माह रमजान मुबारक के आखिरी अशरे के मौके पर भाजपा नेता एवं इंडियन बेकरी के संचालक अकरम अंसारी द्वारा अपने निवास पर रोजा इफ्तार का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में रोजेदारों गणमान्य नागरिकों और नगर के सम्मानित लोगों ने शिरकत कर सामूहिक रूप से रोजा इफ्तार किया इफ्तार से पहले सभी रोजेदारों ने अल्लाह की बारगाह में हाथ उठा कर मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं। साथ ही पूरी दुनिया में भाईचारा इंसानियत और शांति कायम रहने की भी दुआ की गई। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह धार्मिक और भाईचारे से भरा रहा। जहां सभी लोग एक साथ बैठकर इफ्तार करते नजर आए। इफ्तार कार्यक्रम में शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी डा. तारिक राजा अहसन एड., डा. अदनान जैदी, नासिर उर्फ आदिल चौधरी, डा. नफीस अहमद, अदनान, अकरम, अरशद अंसारी, सुहेल, जफर, साबिर सलमानी, सरफराज सैफी, डा. नोमान ज़ैदी, फैसला ज़ैदी, सलीम कुरैशी, नजम सिद्दीकी, डा. इशरत, पत्रकार इकबाल अंसारी सहित नगर के कई सम्मानित नागरिक और रोज. ेदार मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी।

इस मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और प्रेम को बढ़ावा देते हैं तथा लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने का काम करते हैं। इफ्तार के दौरान रोजेदारों के लिए विभिन्न पकवान और फल आदि की भी व्यवस्था की गई थी। जिसका सभी ने मिलकर आनंद लिया। वहीं भाजपा नेता अकरम अंसारी ने सभी मेहमानों, रोजेदारों और नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रमजान का महीना रहमत, बरकत और आपसी मौहब्बत का पैगाम देता है। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचकर इफ्तार की रौनक बढ़ाने वाले सभी लोगों का दिल से शुक्रिया अदा किया और कहा कि भविष्य में भी ऐसे सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे।

## एक नजर

### माहिरा ने शुरू किया कुरान नजारा



**स्योहारा।** ग्राम चकमहद. ूद सानी निवासी मौलाना सलमान अंसारी की छह वर्षीय मासूम बच्ची महिरा फातिमा के नाजरा कुरान की तिलावत शुरु करने पर उलेमाओं ने अपनी दुआओं से नवाजा। उलेमाओं ने कहा कि इतनी कम उम्र में नाजरा शुरु करना एक मासूम के लिए बहुत बड़ी बात है। हम लोगों को अपने बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ-साथ इस्लामिक पढ़ाई जरुर करनी चाहिए। इस मौके पर मुफ्ती फरमान, मुफ्ती मुस्तकिम, मौलाना शादाब, मौलाना रिजवान, कारी उस्मान आदि ने बच्ची को अपनी दुआओं से नवाजा।

### परीक्षार्थियों की उपस्थिति शत प्रतिशत



**बढ़ापुर।** संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय उमरपुर बरखेड़ा में आज बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन हुआ। जिसमें पंजीकृत सभी 45 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास कार्यक्रम और मूल्यांकन परीक्षा की बाबत शिक्षिका आरती वर्मा ने बताया कि इसका उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु के निरक्षर व्यक्तियों को बुनियादी साक्षरता, संख्यात्मक ज्ञान और महत्वपूर्ण जीवन कौशल प्रदान करना है। बताया कि परीक्षा पास करने वाले परीक्षार्थियों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान की ओर से प्रमाण-पत्र दिया जाता है। परीक्षा संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय उमरपुर बरखेड़ा के प्रभारी मुख्य अध्यापक व परीक्षा केंद्र अधीक्षक भूपेंद्र सिंह और शिक्षिका आरती वर्मा की देखरेख में संपन्न हुई। परीक्षा में शिक्षक संदीप कुमार, प्रदीप कुमार, मोनिका भारद्वाज, ग्राम प्रधान यास्मीन जहां व पूर्व ग्राम प्रधान मौहम्मद यूसुफ आदि का सहयोग रहा।

### दहेज के लिए उत्पीड़न का आरोप

**शेरकोट।** महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए मारपीट और उत्पीड़न का आरोप लगाया है। ग्राम शहजादपुर निवासी रानी पत्नी निसात पुत्री उमर दराज की शादी वर्ष 2021 में मुस्लिम रीति-रिवाज के साथ ग्राम अथाई शेख निवासी निसात पुत्र मुस्तफा हसन के साथ हुई थी। शादी के बाद दंपति की दो पुत्रियां हैं। शादी के कुछ समय बाद उसे पता चला कि उसके पति के नहटौर निवासी एक युवती से अवैध संबंध हैं। जब उसने इसका विरोध किया, तो पति और ससुराल पक्ष के लोग उसके साथ मारपीट करने लगे। पीड़िता का कहना है कि उससे बार-बार दहेज में बुलेट बाइक और पांच लाख रुपए लाने की मांग की जाती थी। जब वह अपने माता-पिता की आर्थिक स्थिति का हवाला देती थी, तो उसके साथ मारपीट की जाती थी। महिला का आरोप है कि कई बार उसे कमरे में बंद कर जान से मारने की नीयत से पीटा गया। उसने बताया कि मारपीट की घटनाओं के कुछ वीडियो भी उसके मोबाइल में मौजूद हैं। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति पहले विदेश में रहते थे, लेकिन लगभग एक वर्ष पहले वापस आने के बाद से नहटौर निवासी महिला के साथ रहने लगे हैं और उसे घर में लाने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही ससुराल पक्ष के अन्य सदस्य भी इस मामले में उनका साथ दे रहे हैं। पीड़िता का कहना है कि उसकी ननंद शन्नो भी पास ही रहती है और वह भी अक्सर आकर उसके साथ मारपीट करती है। महिला का आरोप है कि 29 जुलाई 2024 को सभी आरोपियों ने मिलकर उससे फिर से बुलेट बाइक और पैसे लाने की मांग की। विरोधा करने पर उसे बुरी तरह पीटा गया और बेहोशी की हालत में उसके मायके गांव शहजादपुर के बाहर छोड़ दिया गया। इस दौरान उसकी दोनों बेटियों को ससुराल पक्ष अपने पास ही रखे हुए है। महिला का कहना है कि वह जब भी बच्चों से मिलने जाती है, तो उसे मारपीट कर भगा दिया जाता है। पीड़िता ने पुलिस से अपनी जान-माल की सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और घर से निकालने के मामले में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### 24वे रोजे पर कुरान मुकम्मल



**अफजलगढ़।** करीबी कस्बा मानियावाला की कदीमी जामा मस्जिद में 24वां रोजा को तरावीह में कुरान ए करीम मुकम्मल हुआ, इस मौके पर मौलाना मौहम्मद उमैर ने अकीदतमंदों को सम्बोधित करते हुए कुरान ए करीम की अजमत और फायदे की अहमियत के बारे में बताया। इस मौके पर खुसूसी दुआएं की गई। कुरान ए करीम को सुनाया हजरत मौलाना मौहम्मद उमैर इमाम जामा मस्जिद ने और पीछे सुनने वालों में हाफिज मौहम्मद जैद, हाफिज मौहम्मद अली और कारी मौहम्मद सुलेमान थे। तरावीह मुकम्मल होने पर मौहल्लेवासियों की जानिब से कुरआन का सुनाने व सुनने वालों को ईनाम व कपड़े वगैरह देकर नवाजा गया। इस रूहानी मजलिस में जामा मस्जिद का अहाता खचाखच भरा हुआ था। अकीदतमंदों को खिताब करते हुए मौलाना मौहम्मद उमैर ने कुरआन की तिलावत के फायदे गिनाए तथा कुरआन की फजीलत पर बयान करते हुए कहा कि कुरआन आसमानी किताब है, जो सारी दुनिया को आपस में मोहब्बत और भाईचारा कायम करने का दर्स देता है। एक-दूसरे की मदद और हमदर्दी करने और हर गलत काम से बचने की हिदायत करता है। उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि रमजान के बाद भी कुरान की तिलावत और नमाज कायम रखना और हर बुरे काम नशाखोरी, शराब नोशी सभी तरह के जरायम से बचकर रहना चाहिए। अपने हम वतनी भाइयों से आपस में मौहब्बत, प्यार और खुलूस से पेश आओ, सभी के मजहबों का एहतराम करो। इसी से आपस में भाईचारा बना रहेगा। तकरीर के बाद सभी के हाथ दुआ के लिए उठे, मौलाना उमैर ने पूरी दुनिया में अमन शांति कायम करने, आपसी भाईचारा मोहब्बत बनाए रखने, गुनाहों की माफी, गुनाहों से बचने के लिए, मां-बाप की इज्जत ऐहतराम करने के लिए अल्लाह की बारगाह में रो-रो कर खुसूसी दुआ कराई। आखिर में मौजूद अकीदतमंदों में मिठाई बांटी गई। इस मौके पर मौलाना मौहम्मद उमैर के अलावा ईनाम उल्लाह, हाफिज मौहम्मद इदरीस, शेख मौहम्मद यूसुफ, जाहिद उल्लाह, मौहम्मद अकरम, हमीदुल्लाह, मौहम्मद अय्यूब, मसीत उल्लाह, नईम उल्लाह, लियाकत ठेकेदार, हाजी असगर अंसारी, डा. मौहम्मद साकिब, मजहर आलम मंसूरी, मौहम्मद जुनैद आदि मौजूद रहे।

**भूल सुधार**

मैंने अपने पुत्र शैलेश गुप्ता व उसकी पत्नी रोहिणी व उनके नाबालिग पुत्र शिवाय गुप्ता की गलत आचरण व हमारा कहना न मानना तथा हमसे मारपीट करने के कारण मैं इनसे पूरी तरह से संबंध विच्छेद कर चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। उपरोक्त तीनों जनों द्वारा किए गए किसी लेन-देन व गलत कार्यों की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **प्रमोद गुप्ता पुत्र बनारसी दास व रेखा गुप्ता पत्नी प्रमोद गुप्ता, मौहल्ला लाल सराय, एम.एम. इण्टर कॉलेज के सामने नगीना, जिला बिजनौर।**

# तरावीह में कुरान-ए-करीम मुकम्मल

## देश की तरक्की और भाईचारा कायम रखने की उलेमाओं ने दुआ कराई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मुकद्दस रमजान माह में तरावीह नमाज़ में कुराने करीम पढ़कर सुनाने और उसे सुनकर सवाब कमाना अपने शबाब पर है। अक़ीदतमंदों ने नमाज़ के बाद देश की तरक्की और आपसी भाईचारा कायम रखने की उलेमाओं ने दुआ कराई।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के महल सराय स्थित हमज़ा मस्जिद में बीती रात तरावीह नमाज़ में कुराने करीम मुकम्मल हुआ। जिसे मौहम्मद साद ने रोज़ाना बीस रकात तरावीह नमाज़ में अक़ीदतमंदों को सुनाया। पीछे से कारी राशिद हमीदी ने सुनकर गलतियों को दुरुस्त कराया। प्रोग्राम के महमाने खुसूसी मौलाना असलम कासमी ने रमज़ानुल मुबारक के पाक महीने में तरावीह नमाज़ खुशु व कुज़ू के साथ अक़ीदत से अदा करने की फज़िलत बयान की। उन्होंने इस महीने को अल्लाह की इबादत का सबसे अच्छा व पाक महीने बताया। उन्होंने कहा कि इसी महीने में कुराने करीम आसमान से उतारा गया। जिसे सवाब की नीयत से दुनिया में सबसे ज्यादा पढ़ा जाने वाला बताया। उन्होंने मुसलमानों से आपस में प्यार-मौहब्बत और खुलूस के साथ रमजान के महीने का एहतमाम व एहतराम किए जाने की ताक़ीद की। उन्होंने मज़हबे इस्लाम को दुनिया में अमन व मोहब्बत का पैगाम देने वाला बताया।

उन्होंने नौजवानों से नशे की बुराइयों को बयान करते हुए इन बुरी लतों से खुद बचने और अपने साथियों को भी बचाने पर जोर दिया। आखीर में मुल्क में अमनो आमन कायम और बाकी रखने तथा तरक्की की दुआ कराई।

इस मौके पर कारी नौशाद आलम शाद, मुफ्ती इफ्तेखारुल हसन, नफीस अहमद, मौहम्मद ईस्माइल, पत्रकार फैजान अंसारी, तसलीम अहमद, खुर्शीद अहमद, नईम अहमद, अनीस अहमद, शानवाज़, इदरीस अहमद, परवेज़ अहमद, फहीम अहमद, मौहम्मद राशिद, मौहम्मद जावेद, इम्तियाज़, मास्टर अल्ताफ, हंज़ला आदि शामिल रहे।

# शिक्षक कांता प्रसाद मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** आरएसपी इंटर कॉलेज के वरिष्ठ विज्ञान शिक्षक कान्ता प्रसाद पुष्पक को शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड फाउंडेशन फरीदाबाद (हरियाणा) द्वारा मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया है।

श्री पुष्पक वर्ष 1992 से आरएसपी इंटर कॉलेज में विज्ञान अध्यापक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके साथ ही वे रोटरी इंटरनेशनल मंडल 3100 के अंतर्गत रोटरी क्लब स्योहारा में भी सक्रिय रहकर सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनकी शैक्षिक और सामाजिक सेवाओं का मूल्यांकन करने के उपरांत फाउंडेशन द्वारा फरीदाबाद में आयोजित समारोह में उन्हें मानद डॉक्टरेट उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम में उन्हें विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर स्थान भी दिया गया। इस मौके पर श्री पुष्पक ने संस्था के अध्यक्ष डा.सीपी यादव तथा मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। संस्था के अध्यक्ष डा. सीपी यादव ने बताया कि मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी संगठन है, जो विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित करने का कार्य करता है। संस्था का उद्देश्य समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण में सहयोग करना है।

# अंग्रेजी शराब की दुकान में लाखों की चोरी

### नकदी और शराब की बोतलें ले उड़े चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** अंग्रेजी शराब की दुकान में चोरी का मामला सामने आया है, जहां चोर रात में दुकान का ताला तोड़कर करीब 1.20 लाख रुपए का सामान और नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम ढक्का कर्मचंद निवासी गीता देवी पत्नी स्व.ओमप्रकाश के नाम पर संचालित कंपोजिट शॉप/अंग्रेजी शराब की दुकान नगीना रोड पर सुरेशिया पैलेस होटल के पास स्थित है। दुकान का संचालन उनके पुत्र सुभाष कुमार द्वारा किया जा रहा है। बताया गया कि 13/14 मार्च 2026 की रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखी करीब 1,10,000 रुपए कीमत की शराब तथा आबकारी विभाग की पीओएस मशीन के पास गल्ले में रखे लगभग 10,000 रुपए चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित पक्ष ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के आधार पर थाना धामपुर पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल की और अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कमेटी के सदस्यों ने किया ईदगाह का निरीक्षण

## सुबह 8.30 बजे अदा की जाएगी ईद-उल-फितर की नमाज : शहर काजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** ईद-उल-फितर के मद्देनजर ईदगाह में अदा होने वाली ईद की विशेष नमाज की तैयारियों को लेकर ईदगाह कमेटी के सदस्यों ने पुलिस के साथ ईदगाह परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर की ईदगाह कमेटी के मोहतमिम काजी शमीम ने सदस्यों के साथ ईदगाह परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और नमाज के दौरान उचित इंतजाम बनाए रखने की रणनीति तैयार की। इस दौरान एसआई मोहित चौधरी ने भी नमाजियों और ईदगाह की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।उन्होंने नमाजियों से अपील करते हुए कहा कि ईदगाह परिसर में ही नमाज अदा करें तथा त्योहार को शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में सहयोग दें।

काजी शमीम ने बताया कि ईदगाह में ईद-उल-फितर की नमाज सुबह 8:30 बजे शहर काजी मुफ्ती अमान उर्रब द्वारा अदा कराई जाएगी। नमाजियों की सुविधा के लिए वुजू के पानी की अलग से व्यवस्था की जाएगी, ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि बरकतों भरे माह रमजान के समाप्त होने के बाद खुशी और शुक्राने के रूप में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की जाती है। मुस्लिम समुदाय का यह सबसे खास और बड़ा त्योहार है।

इस मौके पर आदिल खान, नदीम खान, बुंदू ठेकेदार, मिर्जा खुर्शीद, अनीस खान, अशरफ कबाड़ी, अताउर्रब, मुफ्ती अमान उर्रब, मतलूब अहमद, कारी मौलाना जरीफ और शकील अहमद सहित शहर इंचार्ज एसआई मोहित कुमार मौजूद रहे।

# चांदपुर में कुकिंग गैस की कोई किल्लत नहीं

## उपभोक्ताओं को समय पर सिस्टम से बांटी जा रही गैस: हाजी अफजल कुरैशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर में कुकिंग गैस किल्लत की झूठी अफवाह पर तमाचा मारते हुए व गैस की किल्लत को दरकिनार करते हुए है एचपीसीएल की गैस एजेंसी (कुरैशी गैस सर्विस) पर बिना रोकटोक बुकिंग के बाद सिस्टम अनुसार गैस उपभोक्ताओं को गैस का वितरण किया जा रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज सुबह से देर शाम तक लगभग 700 से भी अधिक गैस सिलेंडर बांटने के बाद कुरैशी गैस सर्विस के प्रबंधक/संचालक हाजी अफजल कुरैशी ने कई अन्य जरुरतमंदों को भी स्वयं बुकिंग करा कर गैस उपलब्ध कराई और किसी को भी निराश नहीं होने दिया। गौरतलब है कि हाजी अफजल कुरैशी स्वयं एजेंसी पर बैठकर गैस उपभोक्ताओं को शासनादेशों के अनुसार रिफिल बुकिंग के पश्चात गैस उपलब्ध करा रहे हैं। साथ ही अपने डिलीवरी मैन द्वारा भी घर-घर बुकिंग के पश्चात गैस पहुंचाई जा रही है। उनका कहना है कि हमारे यहां गैस की कोई किल्लत नहीं है और न ही किसी गैस उपभोक्ता को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ जमाखोर और कालाबाजारी लोगों को गुमराह कर गैस की किल्लत की झूठी अफवाह फैला रहे हैं। आज भी बुकिंग के बाद जो उपभोक्ता गोदाम पहुंचे, उन्हें बिना रोक-टोक गैस उपलब्ध कराई। गत दिवस चांदपुर में एक गैस एजेंसी पर छापेमारी के दौरान उनके यहां भी संबंधित विभाग अधिकारियों ने पहुंचकर व्यवस्था देखी और संतुष्ट होकर व्यवस्था पर हर्ष जताया। हाजी अफजल कुरैशी के अनुसार उनके गैस एजेंसी अथवा गोदाम पर पहुंचने वाले किसी भी गैस उपभोक्ता को परेशान नहीं किया जाता बल्कि जो सिस्टम को धता बताकर गैस लेना चाहते हैं, ऐसे लोगों को ही किल्लत दिखाई दे रही है जबकि वास्तविकता यह है कि कुकिंग गैस की कोई किल्लत नहीं है। उन्होंने समस्त गैस उपभोक्ताओं से शासनादेशानुसार बुकिंग के बाद सिस्टम को फॉलो करते हुए गैस प्राप्त करने की अपील की है। साथ ही पहले आओ पहले पाओ वाला सिस्टम गैस उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध्व कराने में सरलता प्रदान कर रहा है।

# घायल युवक की मौत के बाद मुकदमे में बढ़ाई जाएगी धाराएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** रविदास जयंती पर निकाले गए जुलूस के दौरान हुई मारपीट में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत के बाद दर्ज मुकदमे में अब हत्या की धाराएं बढ़ाई जाएंगी। पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि एक आरोपी अभी भी फरार बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि दो फरवरी को ग्राम कासमाबाद में रविदास जयंती के अवसर पर जुलूस निकाला जा रहा था। इसी दौरान जुलूस में करतब दिखाने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी और मारपीट के दौरान रूप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था। मेरठ में उपचार के दौरान 14 मार्च की सुबह रूप सिंह ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद मृतक की पत्नी नीतू देवी की तहरीर पर पुलिस ने अंशु व महिपाल सिंह पुत्रगण महीपाल सिंह तथा पुष्पेंद्र पुत्र कल्लू सिंह निवासी ग्राम पोता, थाना नूरपुर के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अंशु और महिपाल सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि तीसरा आरोपी पुष्पेंद्र अभी भी फरार चल रहा है। सुबह रूप सिंह की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस उनके घर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। इसके बाद शाम को पुलिस की मौजूदगी में रूप सिंह का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में पहले से मुकदमा दर्ज था और अब घायल की मौत के बाद मुकदमे में हत्या की धाराएं बढ़ाई जाएंगी। फरार आरोपी की तलाश जारी है और उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ट्रक की टक्कर से महिला की मौत



**स्योहारा।** रामलीला ग्राउंड के सामने आज एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार खाली ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठी महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान ज्योति (22 वर्ष) पत्नी मंगल सिंह निवासी ग्राम लालापुरी खाबड़ी, थाना धनौरा जिला अमरोहा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ज्योति इन दिनों अपने मायके मौहल्ला हिंदू चौधरियान स्योहारा में रह रही थी। बताया जा रहा है गन्ने का खाली ट्रक तेज गति से रामलीला ग्राउंड के सामने से गुजर रहा था, तभी उसने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ज्योति गंभीर रूप से घायल हो गई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया बताया जा रहा है कि मृतका के दो छोटे बच्चे हैं। जिनमें एक बेटा लगभग तीन वर्ष का और एक बेटी करीब छह वर्ष की है। मां की असमय मौत से परिवार में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अवध शुगर मिल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

### सैकड़ों मरीजों को मिला लाभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** अवध शुगर मिल द्वारा समाज सेवा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मिल की डिस्पेंसरी में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 370 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाई का वितरण किया गया।

शिविर का शुभारंभ मिल के अधिशासी अधयक्ष सुखबीर सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मिल प्रबंधन हमेशा क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए तत्पर रहता है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। ताकि ग्रामीण व जरुरतमंद लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। स्वास्थ्य शिविर में मुरादाबाद से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। डा. अनुराग मल्होत्रा, डा. सिद्धार्थ, डा. अंकुर डा. नेहा, डा. श्रुति एवं डा. मौहम्मद इकराम सहित अन्य चिकित्सकों ने विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों का परीक्षण कर उन्हें उचित दवाइयां प्रदान की।

मिल के अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह की मौजूदगी में शिविर का सफल संचालन किया गया। शिविर में अधिशासी उपाध्यक्ष सुवील विवेककांत शर्मा, प्रमोद कुमार, मुकेश मिश्रा, विवेक श्रीवास्तव, राजेश शर्मा, जेके सिंह, दिनेश कुमार, अरविंद कुमार सहित मिल के अनेक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

क्षेत्रीय लोगों ने अवध शुगर मिल प्रबंधन के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविरों से गरीब और जरुरतमंद लोगों को काफी राहत मिलती है और उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा प्राप्त होती है।

## एक नजर

### बुजुर्ग पर छेड़खानी का आरोप

**नांगल सोती।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक किशोरी की मां ने नांगल पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शनिवार को वह और उसकी सास गांव से बाहर दवाई लेने गए थे। घर पर उसकी 15 वर्षीय पुत्री और उसका पुत्र था। इस दौरान उसका पुत्र घर से बाहर खेलने चला गया और उसकी पुत्री घर पर अकेले रह गई। इसी बीच गांव का ही 80 वर्षीय बुजुर्ग मौका पाकर घर में घुस गया और कमरे में ले जाकर उसकी पुत्री के साथ अश्लील हरकत और छेड़छाड़ की। घर आने पर मेरी पुत्री मुझे आप बीती बताई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी बुजुर्ग सद्दीक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### शक्ति पीठ पर हवन यज्ञ एवं भंडारा



**धामपुर।** राजपूत विहार कॉलोनी स्थित अनन्त श्री शिव शक्ति पीठ मंदिर में अखंड हनुमान चालीसा का पाठ का हवन यज्ञ एवं भंडारे से समापन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा आयोजित अखंड हनुमान चालीसा पाठ के समापन पर हवन यज्ञ किया गया। आचार्य डॉ. दिनेश भारद्वाज द्वारा मंत्रोच्चार के बीच हवन यज्ञ में जनकल्याणार्थ आहुतियां डलवाई गई। प्रात: 11:00 से हवन यज्ञ का शुभारंभ किया गया। श्रद्धालुओं ने समाज देश के कल्याण के लिए हवन यज्ञ में आहुतियां दी। उसके बाद भंडारे का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। डॉ. आचार्य दिनेश भारद्वाज द्वारा पूजन कराकर 24 घंटे का अखंड हनुमान चालीसा का पाठ का हवन यज्ञ एवं भंडारे से समापन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमियों ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया। पूजन कार्य आचार्य डा. दिनेश चन्द्र भारद्वाज द्वारा संपन्न कराए गए। कार्यक्रम में आयोजक श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मण्डल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, डॉ. एके सक्सेना, मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, राम प्रकाश वर्मा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, डॉ. अनुज अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, टीकाराम जैन, संदीप भारद्वाज, दिनेश राणा, सुनील चौहान, अनीता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, कविता भारद्वाज, लक्ष्मी शर्मा आदि शामिल रहे।

### विद्युत कटौती से ग्रामीण परेशान

**नांगल सोती।** बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं। पिछले एक सप्ताह से रात में लगातार कई घंटे बिजली कटौती की जा रही है। वहीं विभाग इस कटौती के बारे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे रहा है। क्षेत्र के सौफतपुर बिजली घर से नांगल, जीतपुर, शहजादपुर, खानपुर, चमरौला, लालपुर मान, हरचंदपुर सहित 10 गांव जुड़े हैं। पिछले एक सप्ताह से रात में लगातार तीन से चार घंटे बिजली कटौती हो रही है। उपभोक्ता नीरज सहरावत, मुकेश शर्मा, दिनेश कुमार, प्रमोद कुमार, गोपाल शर्मा, विनय कुमार, सत्यपाल सिंह आदि का कहना है कि शासन के आदेश पर ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली आपूर्ति के निर्देश हैं, लेकिन गर्मी शुरू होते ही बिजली की कटौती शुरू हो गई है। क्षेत्र में मात्र 13-14 घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि कई बार विद्युत निगम के अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हो रहा है। उपभोक्ताओं ने क्षेत्र में 18 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग की है। उधर अवर अभियंता नूतन प्रकाश ने बताया कि कंट्रोल के आदेश पर ही बिजली कटौती हो रही है। बिजली घर से कोई कटौती नहीं की जा रही है।

### मुफ्ती अमान उर्रब मजाहिरी शहर इमाम मनोनीत



**शेरकोट।** शहर की जामा मस्जिद में आयोजित संयुक्त बैठक में मस्जिद कमेटी के सदर अफसार अहमद, मदरसा रियाजुल उलूम के सदर डा. फरहत अली और शेरकोट ईदगाह कमेटी के मोहतमिम काजी शमीम व अन्य सदस्यों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से मुफ्ती अमान उर्रब मजाहिरी को शहर इमाम के पद पर मनोनीत किया गया। नवनियुक्त शहर इमाम मुफ्ती अमान उर्रब मजाहिरी ने कहा कि वह इस जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे तथा भाईचारे और धार्मिक सौहार्द की भावना के साथ शहर में अमन-चैन कायम रखने का प्रयास करेंगे। उनके शहर इमाम बनने से नगर मे खुशी की लहर दौड़ गई। चाचा अताउर्रब ने कमेटी का शुक्रिया अदा करते हुए बड़ी कामयाबी बताया।

### कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी



**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज की रासेयो छात्र इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का तीसरा दिन ग्राम सरकड़ा चकराजमल में कार्यक्रम अधिकारी डा. रवि धनकड़ के नेतृत्व में 'आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण तथा ग्रामीण विकास हेतु सरकार की कल्याणकारी योजनाएं' विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात:काल सभी स्वयंसेवकों द्वारा योगाभ्यास से हुई। इसके पश्चात धर्मशाला परिसर में साफ-सफाई एवं पौधों की सिंचाई की गई। प्रतिदिन के मेन्यू के अनुसार स्वयंसेवकों द्वारा चाय एवं पोहा जैसे पौष्टिक नाश्ते की व्यवस्था की गई, जिसे सभी स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक ग्रहण किया। प्रथम सत्र में ग्राम सरकड़ा-चकराजमल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस की परंपरागत तालियों के साथ स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि शाखा प्रबंधक अमित चौहान ने स्वयंसेवकों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत किसानों को मिलने वाले ऋण एवं उस पर दी जाने वाली ब्याज सब्सिडी के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की जानकारी देते हुए किसानों को मिलने वाले आर्थिक सहयोग के बारे में जागरुक किया। इस मौके पर धामपुर शुगर मिल से उपस्थित चीफ इंजी. सोमपाल सिंह यादव ने कृषि छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि भविष्य में कृषि के विद्यार्थी किस प्रकार शुगर मिल उद्योग से जुड़कर अपने करियर के अवसर विकसित कर सकते हैं। कार्यक्रम में डा. हिमांशु त्रिपाठी, डा. देवेश पाठक, डा. कौशिक प्रसाद, डा. विवेक यादव, राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
सलमान अलीमुद्दीन
युवा समाजसेवी
ग्राम मानियावाला
ब्लॉक-अफजलगढ़


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर


मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर


# तेज़ हवा व बारिश से गेहूं और सरसों की फसल को नुकसान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल/बबराला।** नगर सहित देहात क्षेत्र में देर रात से चल रही तेज हवाओं के साथ आज हुई हल्की बारिश के कारण किसानों की फसलों को थोड़ा नुकसान पहुंचा है। सरसों पर भी इसका व्यापक असर पड़ा है।

अचानक बदले मौसम से किसान काफी चिंतित दिखाई दे रहे हैं। क्षेत्र के किसानों के अनुसार तेज हवाओं के कारण गेहूं की फसल पर प्रभाव पड़ा है। इस समय गेहूं की फसल पकने की स्थिति में है, ऐसे में फसल के बिछ जाने से दाना पतला होने की आशंका बढ़ गई है, जिससे पैदावार में भारी कमी आ सकती है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम इसी तरह बना रहा तो गेहूं की उपज आधी तक रह सकती है। वहीं सरसों की फसल भी पूरी तरह पक चुकी थी। कुछ किसानों ने सरसों की कटाई कर ली थी, जबकि कई खेतों में अभी कटाई बाकी थी। बारिश के कारण खेतों में कटी पड़ी सरसों भीग गई है, जिससे दाने खराब होने का खतरा बढ़ गया है। वहीं जिन खेतों में अभी सरसों की कटाई नहीं हुई वहां भी नुकसान से इंकार नहीं किया जा सकता किसानों सूरजपाल, किशनपाल, प्रेमपाल सिंह का कहना है कि यदि इसी तरह लगातार बारिश और तेज हवाओं का सिलसिला जारी रहा तो खेतों में खड़ी गेंहू की फसलें गिर जाएगी।



सम्भल। बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम जी के जन्मदिन पर एकजुटता दिखाते सपाई।

# बहुजन नायक कांशीराम जी के जन्मदिन पर सपा की झोली में सभी सीटे डालने का संकल्प

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** समाजवादी पार्टी की बैठक में मान्यवर काशीराम का जन्मदिन बहुजन समाज एवं पीडीए दिवस रूप में मनाया गया।जबकि जिले की सभी सीटे जीतकर सपा अध्यक्ष को तोहफा देने का संकल्प लिया।

बहजोई स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष सांसद विधायक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मान्यवर काशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर याद किया। जिला अध्यक्ष असगर अली असारी ने कहा मान्यवर काशीराम हमेशा दलित पिछडे अल्पसंख्यक एव सभी वर्गों की बात करते थे। उन्होंने सामाजिक धारा से दूर हुए लोगों को जोड़ने का काम किया। काशीराम जी का जन्म 15 मार्च 1934 को पंजाब के रोपड़ जिले में हुआ था। वे एक महान समाज सुधारक, राजनेता और बहुजन समाज

**○पीड़ित को प्रोटेस्ट याचिका की अनुमति**

पार्टी के संस्थापक थ राज्यसभा सांसद जावेद अली खान ने कहा कि काशीराम जी ने अपने जीवन में दलितों, पिछड़ों और वंचितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने 1973 में ऑल इंडिया बैकवर्ड माइनॉरिटी कम्युनिटीज एम्प्लाइज फेडरेशन (बामसेफ) की स्थापना की।गुन्नौर विधायक राम खिलाड़ी यादव ने कहा कि काशीराम जी दलित पिछले अल्पसंख्यक को राजनीति में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जिनकी जितनी हिस्सेदारी उनकी उतनी भागीदारी का नारा देने का काम किया। काशीराम जी के विचार और कार्य आज भी प्रासंगिक हैं। विधायक प्रतिनिधि असमोली प्रमोद यादव ने कहा कि काशीराम जी का जीवन और कार्य हमें सामाजिक न्याय और समानता के लिए संघर्ष करने के लिए प्रेरित करता है। उनके जन्मदिन पर हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें। चंदौसी की प्रत्याशी रही विमलेश कुमारी ने माल्यार्पण कर काशीराम जी को याद किया एवं उनके बताएं रास्ते पर चलने का आवाहन किया। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने कहा कि आज हम सभी को मान्यवर काशीराम जी के जन्म दिवस पर संकल्प लेना चाहिए जिला सम्भल की सभी विधानसभा सीट जीतकर अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का काम करेंगे। गुन्नौर विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव विधानसभा अध्यक्ष अमित यादव उमेश यादव ताहिर उल्ला खान ओमप्रकाश प्रजापति कामरेड रेवाराम कक्के चेयरमैन सगीता पाल उमेश दिवाकर आदि ने भी संबोधित किया।

# पट्टे की भूमि को लेकर फिर बढ़ सकती है रार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सिरसी व गांव फूलसिंहा व गांव मखदुमपुर सरकारी पटटे की 160 बीघा जमीन को लेकर फिर रार बढ़ने की सम्भावनायं हो गयी है। पुलिस और प्रशासन की अंदेखी से कोई बड़ा बखेडा खड़ा होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। एक दिन पूर्व कब्ज़ा करने के प्रयासों से दो पक्षों के आमने-सामने आने से विवाद बढ़ने की सम्भावनाएं हो गयी थी। गनीमत रही कि 112 डायल पुलिस कर्मियों ने समझाकर घरों को भेजा।

थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र के सिरसी मखदुमपुर और फुलसिंहा गांवो में 160 बीघा सरकारी जमीनी पटटो को लेकर 1984 से अब विवाद चल रहा है। पूरा मामला अदालत में है। बताया जा रहा है कि सिरसी निवासी कई शिया समुदाय के लोगों की जमीन मखदुमपुर के

**○ पूर्व में हो चुका है बड़ा विवाद, एक दिन पूर्व बन गई थी झगड़े की सम्भावना**

रकबे में बतायी जाती है। जो कि सीलिंग में निकल गई थी। जिस पर 160 बीघा जमीन के पटटे गांव फुलसिंहा के कई दलित परिवारों को अलॉट किए गए थे। लेकिन कुछ दिनों दलितों का कब्जा रहा। फिर कुछ दिनों बाद 160 बीघा जमीनी विवाद पर कई साल पहले मौके पर गोली बाजी कांड भी हुआ था। जिसमें दो लोगों की मौके पर मौत भी हो जाना बताया गया। जबकि पांच लोग घायल थे। कई बरस से चला आ रहा विवाद फिर बढ़ने की सम्भावनाएं उस समय बढ़ गयी थीं जब एक दिन पूर्व फूलसिंहा निवासी कई दलित परिवार बिना किसी सरकारी अधिकारी को साथ लिए महिलाओं के साथ जमीन पर कब्जा करने पहुंच गए थे। मौके पर विवाद हो गया। किसी व्यक्ति ने 112 नंबर पुलिस को फोन कर कर बुला लिया। गनीमत रही कि समय पर पहुंची 112 डायल पुलिस ने समझा बुझाकर दोनों पक्ष को घर भेज दिया अन्यथा वहां बड़ा विवाद हो सकता था। थाना पुलिस को इसे लेकर स्वत: संज्ञान लेने की आवश्यकता बन गई है।

# पुलिस परीक्षा में जाति से जुड़ा सवाल निंदनीय: विवेक

शाह टाइम्स,संवाददाता



**बबराला।** ब्राह्मण शक्ति संघ ने पुलिस एसआई परीक्षा में गलत प्रश्न पर रोष व्यक्त किया। जबकि उत्तर प्रदेश पुलिस एसआई भर्ती परीक्षा में इस प्रश्न को लेकर विवाद बढ़ने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने भर्ती

**○एसआई भर्ती परीक्षा प्रशन पर रोष**

बोर्ड के अध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति, जाति, पंथ या संप्रदाय की आस्था और मर्यादा से जुड़ी अमर्यादित टिप्पणी प्रश्नपत्रों में नहीं होनी चाहिए। दरअसल परीक्षा के पहले दिन पूछे गए एक प्रश्न में दिए गए विकल्पों में एक जाति से जुड़ा शब्द शामिल होने पर सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा हो गया। ब्राह्मण शक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने कहा कि जाति विशेष को लेकर ऐसा करना निंदनीय है।इससे लोगों में रोष है।ऐसा कृत्य करने वाले जिम्मेदारों पर कार्यवाही की जाये। इस दौरान संघ के लोग मौजूद रहे।

# अतिक्रमण व जाम से कब मिलेगा छुटकारा

**○लोगों को हो रही बढ़ी परेशानी**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर में बढ़ती जाम की समस्या से राहगीरों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है। बाजारों और प्रमुख सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लगने से यातायात व्यवस्था चरमराती नजर आ रही है। रोजाना के जाम से कारोबार भी चौपट हो रहा है। जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

सड़क किनारे लगे ठेलों को भी हटवाने की मांग की जा रही है, क्योंकि इनके कारण अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। इनके हटने से मुख्य बाजारों में वाहनों का दबाव कम होगा और जाम की समस्या से राहत मिल सकती है। अतिक्रमण को भी जाम की बड़ी वजह बताया जा रहा है। कई दुकानदार अपनी दुकानों के आगे तक सामान फैला देते हैं, जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और यातायात प्रभावित होता है। इसके अलावा ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या भी बाजार में जाम का कारण बन रही है। व्यापारियों का सुझाव है कि ई-रिक्शा के लिए अलग से मार्ग तय किए जाएं या फिर बाजार क्षेत्र में वन-वे व्यवस्था लागू की जाए। इससे यातायात सुचारु हो सकेगा और लोगों को जाम से राहत मिल सकती है। लोगों ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि नगर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए अतिक्रमण हटाने और ई-रिक्शा के संचालन को नियंत्रित करने तथा सड़कों के चौड़ीकरण जैसे कदम जल्द उठाए जाएं।






राजा गुप्ता व सुमित यादव ने कहा कि नगर में अतिक्रमण एक बड़ी समस्या है।दुकानों के आगे तक रखा सामान,सड़क पर ठेले व आड़े तिरछे खड़े वाहन जाम की एक मुख्य वजह है। ई रिक्शाओं के मार्ग तय किए जाएं या फिर बाजार में वन वे किया जाए। इससे राहत मिलेगी। प्रमोद कुमार ने कहा कि ई रिक्शा की वजह से बाजार में जाम की समस्या बन जाती है। इनको बाजार में आने से रोका जाए। दिनेश कौशल ने कहा कि नगर में अंदर से होकर अनूपशहर की ओर जाने वाले बड़े वाहनों को रोका जाये।

# आमने-सामने की भिड़ंत में तीन की मौत

**○स्कूटी और बाइकों में हुई टक्कर, दो गम्भीर घायलों को किया गया रैफर, स्कूटी पर तीन और बाइक पर थे दो सवार सी ओ पहुंचे मौके पर**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बहजोई।** बाइक और स्कूटी की आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। टक्कर इतनी वीभत्स थी कि दो बाइक और एक स्कूटी सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि दो घायलों को चिंता जनक हालत में रैफर किया गया है। सूचना पाकर पुलिस व सी ओ मौके पर पहुंच गए।

बहजोई थाना क्षेत्र के ग्राम मंडलपुर निवासी सत्यवीर (18) पुत्र महेश व इसी गांव का निवासी गजेन्द्र (18) पुत्र वीरपाल बाइक पर सवार होकर आए थे। दोनो सांय को बाइक से अपने गांव वापस लौट रहे थे। जबकि ग्राम मिर्जापुर निवासी सैफ (18) पुत्र इरशाद और फतेह खान (20) पुत्र कदीम, आलम खान पुत्र रफान स्कूटी पर सवार होकर गांव से बहजोइ की ओर जा रहे थे। बाइक और स्कूटी सवार एग्रो वैदिक स्कूल के निकट पहुंचे तभी उनकी आमने-सामने की भिड़ंत हो गयी। टक्कर इतनी वीभत्स थी कि दोनों वाहनों के टक्कर की आवाज दूर तक पहुंची। हादसे में सैफ पुत्र इरशाद निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना बहजोई सत्यवीर पुत्र महेश ग्राम मंडलपुर थाना बहजोई, गजेंद्र पुत्र वीरपाल नि. ग्राम मंडलपुर थाना बहजोई ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। आलम और फतेह खान गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही वहां काफी भीड़ लग गई। जबकि सूचना मिलने पर सी ओ प्रदीप कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए। इसके अलावा मृतकों के परिजनों को भी सूचना मिलते ही वह भी वहां आ गए। हादसे में मौतों पर परिजन बुरी तरह बिलखने लगे। परिजनों के करूणा क्रंदन से मौजूद सभी की आँखे नम हो गयी। पुलिस लाशों को कब्जे में लेकर पीएम को भेजने की तैयारी कर रही थी।



सम्भल-दर्दनक हादसे मे एक साथ तीन की मौत पर सीएचसी पर जमा भीड़।

## एक नज़र इधर भी

### स्मार्ट मीटर की खामियों से उपभोक्ता परेशान

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जा रहे स्मार्ट बिजली मीटरों की खामियों से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ती जा रही है। कई लोगों का आरोप है कि मीटर तेज चल रहे हैं, जिससे बिजली बिल पहले की तुलना में अधिक आ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान समय पर नहीं हो पा रहा है। इससे आम लोगों को आर्थिक बोझ और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर पारदर्शिता और सटीक बिलिंग के लिए लगाए जा रहे हैं। यदि किसी उपभोक्ता को तकनीकी समस्या आती है तो उसकी जांच कर समाधान किया जाएगा। विभाग ने उपभोक्ताओं से शिकायत दर्ज कराने पर तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**○शिकायतों की संख्या बढ़ी**



सम्भल- मान्यवर कांशीराम जी के जन्म दिन पर पुरूप अर्पित करते सपा नेता फिरोज खां।

### 2027 के चुनाव में पीडीए की बनाएंगे सरकार

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के कार्यालय पर बहुजन आंदोलन के संस्थापक माननीय कांशीराम जी की जयंती श्रृद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। बहजोई रोड पक्का बाग के सामने स्थित कार्यालय पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में मान्यवर कांशीराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। जबकि उनके सामाजिक न्याय, समानता व भाईचारे के विचारों को याद किया गया। कांशीराम और नेताजी मुलायम सिंह यादव जी ने मिलकर गठबंधन की सरकार बनाई और चुनाव में नारा दिया गया था मिले मुलायम काशीराम धूल में उड़ गया कमल का फूल इस मौके पर अपने विचार रखते हुए फिरोज खाँ ने कहा सभी साथी उनके बताए मार्ग पर चले और पीडीए समाज को मजबूत करे और दलित-पिछड़े, गरीब व वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया.गया कि सभी पार्टी कार्यकर्ता एकजुट होकर आने वाले 2027 के चुनाव में मेहनत लगन जुटकर उत्तर प्रदेश में पीडीए की सरकार बनने का काम करंगे और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनायेगे कार्यक्रम में जाहिद खाँ मुस्तकीम अब्बास खाँ अजमत गौरव शरीक मोनिस जबर सिंह अजय जाटव सलीम रामरहीस यादव बिलाल शान आदि लोग शामिल रहे।

### नगर में आज पहुंचेगी अखंड ज्योती रथयात्रा

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** गंगोत्री से चलकर गंगासागर तक जाने वाली मां गंगा की चरण पादुका एवं अखंड ज्योति रथ यात्रा नगर बबराला व गुन्नौर में सोमवार (आज) पहुँचेगी। जिसका जगह जगह स्वागत होगा। मां गंगा जन कल्याण समिति के देवदत्त शर्मा ने बताया कि नगर बबराला के गंगाघाट राजघाट पर गंगा आरती में यात्रा पुरोहित व अन्य श्रृद्वालु शामिल होंगे। श्री सीताराम मंदिर गुन्नौर पर शाम 7 बजे पहुंचेगी। इसी उपलक्ष्य में शाम 5 बजे से भगवान हनुमान जी का सुंदरकांड का पाठ होगा। समापन व आरती शाम 8 बजे होगी। सभी भक्तजन मंदिर पर पहुंचकर मां गंगा की चरण पादुका व अखंड ज्योति के दर्शन करेंगे। सुंदरकांड पाठ में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

### डा. शहजाद ने कराया सामूहिक रोजा इफ्तार

**सम्भल ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** पवित्र रमजान माह में प्रसिद्ध चिकित्सक डा. शहज़ाद आलम ने सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। रोजा इफ्तार में सभी समुदायों के लोगो ने एकसाथ इफ्तार कर साम्प्रदायिक सदभाव, भाईचारे और प्रेम का पैगाम दिया। डाक्टर कॉलोनी में आयोजित रोजा इफ्तार में पहुंचे रोजेदारों ने देश और दुनिश में अमन व खुशहली और तरक्की की दुआ मांगी। जबकि साम्प्रदायिक सदभाव के साथ ही ईदुल फितर व अन्य पर्व मनाने का आहवान किया। वक्ताओं ने कहा कि रमजान माह त्साग और सब्र तथा मानवता का संदेश देता है। एक ही दस्तरख्वान पर सभी मिलकर बैठकर रोजा इफ्तार कर एकता और भाईचारे को ओर भी मजबूती प्रदान करते हैं। साथ ही इस तरह के आयोजनों से साम्प्रदायिक सदभाव की डोर भी ओर मजबूत होती है। डा. शहजाद आलम ने रमजान माह में सामूहिक रोजा इफ्तार कार्यक्रम में पहुंचे सभी समुदाय के लोगों ने एक साथ रोजा इफ्तार कर भाईचारे की डोर को ओर भी मजबूत किया है। इस मौके पर मकांग्रेस नेता मुशीर खान तरीन, अनंत अग्रवाल, डा. जितेन्द्र गुप्ता, शांतनु सक्सैना, जकी अनवर एड., हाजी बब्बू, डा. नाजिम, के अलावा शहर के नामचीन चिकित्सक पत्रकार और स्वयं सेवी संस्थाओं के लोग मुख्य रूप से शामिल रहे।

# पीएनजी कनेक्शन वालों को नहीं मिलेगा नया एलपीजी सिलेंडर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** अब शहरी क्षेत्र में पाइप लाइन वाले कनेक्शन वालो को एलपीजी सिलेंडर नहीं मिलेगा। जिससे सिलेंडर की संख्या और बढ़ जाएगी।

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच गैस आपूर्ति पर दबाव को देखते हुए सरकार ने घरेलू रसोई गैस को लेकर बड़ा फैसला लिया है। नए नियम के अनुसार जिन घरों में पहले से पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन मौजूद है, उन्हें अब नया एलपीजी कनेक्शन नहीं मिलेगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि जिन उपभोक्ताओं के पास पीएनजी और एलपीजी दोनों कनेक्शन हैं, उन्हें अपना

**○मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच गैस आपूर्ति पर दबाव पर सरकार का बड़ा फैसला**

एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करना होगा। सरेंडर करने पर कोई जुर्माना नहीं लगेगा, लेकिन नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जा सकती है। भाजपा नेता धर्मेन्द्र प्रजापति व विनय वार्ष्णेय ने कहा कि सरकार के इस कदम का उद्देश्य सीमित गैस संसाधानों का सही वितरण सुनिश्चित करना है, ताकि एलपीजी सिलेंडर उन घरों तक पहुंच सके जो पूरी तरह इसी पर निर्भर हैं।

# हर साहिब निसाब पर सदका ए फितर फर्ज़

शाह टाइम्स,ब्यूरो



**सम्भल।** सदका फितर हर उस आजाद मुसलमान पर जरूरी है जो साहिबे निसाब हो, मतलब उसके पास अपने कर्ज और बुनियादी जरूरतों घर, कपड़े, (रोजमर्रा की जरूरतें, गाड़ियाँ, वगैरह) के अलावा इतना पैसा या सामान हो कि उसकी कीमत साढ़े बावन तोला चाँदी (लगभग जकात का निसाब) या उससे ज्यादा हो। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह पैसा कमर्शियल है या नॉन-कमर्शियल, और इस पर एक साल बीत चुका है या नहीं। यह समझदार बालिग होने की शर्त नहीं है - यहाँ तक कि नाबालिग, पागल लोग, या बच्चे जो साहिबे निसाब हैं, उन पर भी यह जरूरी है (उनके वालिदैन को उनके पैसे से पेमेंट करना चाहिए।) मर्द, औरत, जवान, बूढ़े, आजाद, और गुलाम द्धइब्न उमर की हदीस में साफ-साफ कहा गया है। घर का मुखिया (मर्द) आम तौर पर अपनी तरफ से, अपनी बीवी की तरफ से, और नाबालिग बच्चों की तरफ से अदा करता है। अगर बड़े बच्चे अमीर हैं, तो उनका फितरा उन पर या उनकी इजाजत से दिया जा सकता है। एक अमीर औरत के लिए अपनी जकात अल-फितर देना जरूरी है। यह उसके शोहर या वालिद के लिए जरूरी नहीं है, अगर वह इसे दे तो यह जायज है। अगर किसी के पास निसाब नहीं है, तो उस पर फितरा जरूरी नहीं है।

## ईद की नमाज से पूर्व अदा किया जाए फितरा

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** फितरा का समय ईद-उल-फितर के दिन सुबह होते ही फितरा देना जरूरी हो जाता है।

ईद की नमाज से पहले इसे देना सुन्नत और मुस्तहब है। अगर इसे ईद की नमाज से पहले अदा किया जाए तो यह कुबूल जकात है और अगर इसे बाद में अदा किया जाए तो इसे आम जकात माना जाता है (हजरत इब्न अब्बास की हदीस)। अगर इसे रमजान में ईद से पहले अदा किया जाए तो यह जाइज और बेहतर है (गरीबों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए)। कुछ उलामा के मुताबिक यह रमजान से पहले भी जाइज है, लेकिन इसे रमजान के दौरान अदा करना बेहतर है। अगर इसे अदा नहीं किया जाता है, तो यह जिन्दगी भर अनिवार्य रहेगा, इसे माफ नहीं किया जाएगा यह कजा नहीं, बल्कि अदा है।

## गरीब गैर मुस्लिम को भी सदका देना जायज़

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** सदका-फित्र का मकसद जकात जैसा ही है, यानी कुरान पाक की आयत का मकसद (सूरह अत-तौबा 60) इसे गरीब और जरूरतमंद मुसलमानों को देना बेहतर और सही है। जिनके पास जकात की रकम जरूरत से ज्यादा नहीं है जिंदगी की जरूरतों के लिए और बनू हाशिम (सय्यद, अब्बासिद, वगैरह से नहीं हैं। कुछ जानकारों के मुताबिक यह गरीब गैर-मुस्लिमों के लिए भी जायज है क्योंकि यह खाने के रूप में होता है।

# हाईकोर्ट के फैसले से दूसरे समुदाय में नाराजगी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**○फैसले को चुनौति देंगे दूसरे समुदाय के लोग, रविवार को बहजोई पहुंचकर जतायी नाराजगी, धनेटा सोतीपुरा में काफी समय से चला आ रहा नमाज़ पढ़ने का विवाद, जिले के अफसरानों पर भी उच्च न्यायालय की डबल बैंच ने की है सख्त टिप्पणी**

**सम्भल।** उच्च न्यायालय के नमाज और अधिकारियों के कर्तव्यों को लेकर दिए गए आदेशों के बाद अब सियासत गरमाने लगी है। जहां उच्च न्यायालय के आदेश की सख्त टिप्पणी ने अफसरों के कान खड़े कर दिए हैं वहीं दूसरे समुदाय के लोग भी आदेश को लेकर दूसरे समुदाय विरोध में आ गए है। एक समुदाय के लोगों ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौति देने का निर्णय लिया है।

बता दें कि हयात नगर कोतवाली क गांव धनेटा सोतीपुरा में नमाजियों की सीमित संख्या करने के पुलिस और प्रशासनिक फैसले के खिलाफ मुनीर ने हाईकोर्ट में चुनौति दी थी। जिस पर उच्च न्यायालय की डबल बैंच ने नमाजियों की समिति संख्या करने के फैसले को न केवल निरस्त कर दिया था बल्कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर भी कड़ी टिप्पणी की। बैंच ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को व्यवस्था न सम्भाल पाने पर इस्तीफा देने अथवा उन्हे यहां से तबादला कराकर चले जाने तक कह दिया था। हाईकोर्ट के इस फैसले से जहां एक समुदाय के लोगों को बड़ी राहत मिली वहीं दूसरा समुदाय भी इसके विरोध में खुलकर सामने आ गया है। हाईकोर्ट के सख्त फैसले पर दूसरे समुदाय के लोगों में नाराजगी गहरा गयी है। रविवार को एक समुदाय के कुछ लोग बहजोई पहुंचे और जिलाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन देकर अपनी नाराजी जाहिर की। जबकि उच्च न्यायलय के इस फैसले के खिलाफ चुनौति देने का भी निर्णय लिया जाना कहा गया।

# सड़क हादसों में महिला समेत 10 लोगों की मौत, पिता-पुत्री समेत कई घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में महिला समेत 10 लोगों की मौत हो गई है। वहीं पिता-पुत्री समेत कई लोग घायल हो गए है। पुलिस पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी वाहन चालकों की तलाश कर रही है।

थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सलीम पुत्र हनीफ उम्र 44 वर्ष की सड़क हादसा में मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि एक अन्य मामले में अफसर पुत्र यासीन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 14 मार्च को उनका बेटा कामरान मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा था, तभी सफीपुर गांव के सामने एक ट्रैक्टर चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हैं उसे टक्कर मार दिया। उसे उपचार के लिए शारदा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इसके अलावा आशीष रंजन श्रीवास्तव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मारुति बलेनो कार के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसके बेटे दिव्यांशु रंजन श्रीवास्तव उम्र 23 वर्ष की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। पीड़ित के अनुसार इस घटना मे उनके बेटे के सिर और शरीर में गंभीर चोट आई है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसकी मौत हो गई है। थाना रबूपुरा के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में नीरज कुमार पुत्र विक्रम सिंह उम्र 31 वर्ष की मौत हो गई है। थाना सेक्टर-58 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में संदीप पुत्र प्रहलाद की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना बादलपुर के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में प्रीति पत्नी अजय बाबू उम्र 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि एक अन्य मामले में जितेंद्र नागर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका भाई बालेश्वर सिंह जिम करने के लिए मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा था, तभी एक ट्रैक्टर चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए से टक्कर मार दिया।

# आलू भरी टैक्टर-ट्रॉली के पहिया के नीचे आने से मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव फैजुल्लापुर (पीथनपुर) निवासी मजदूर नागेन्द्र सिंह (32) पुत्र नेत्रपाल सिंह की मजदूरी कार्य करके लौटते समय बदायूं जनपद के आसफपुर में अरिल नदी के पुल पर बिसौली की ओर जा रही आलू से भरी टैक्टर ट्राली का पहिया के नीचे आने से मौत हो गई। पुलिस ने टैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम को भेजा है। नागेन्द्र सिंह निवासी फैजुल्लापुर अपने गांव के संजय, रजनेश, विमल, विशेष आदि लोगों के साथ गांव रविवार को दोपहर एक बजे गांव परसिया तहसील बिसौली से आलू बीनने की मजदूरी कार्य करके घर को वापस आ रहा था तभी रास्ते में आसफपुर में पुल पर लग रहे मेला को देखने के लिए अन्य साथी मेला में चले गए और नागेन्द्र रोड़ पर पुल के निकट ही रुक गया। मन्नू नगर चौराहे की ओर से आ रहे आलू से भरी टैक्टर ट्राली के नीचे पुल पर खड़ा नागेन्द्र आ गया और ट्रैक्टर ट्राली का पहिया सिर पर होकर उतर गया। पहिया उतरते ही वहां अफरा तफरी मच गई और सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस ने टैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए बदायूं भेज दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृतक की मां दयावती, पत्नी आरती का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक नागेन्द्र मजदूरी कार्य करके परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक की तीन बेटियां व दो बेटे हैं।



# डीसीएम पेड़ से टकराकर पलटी युवक की मौत, कई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** वैवाहिक कार्यक्रम में टैंट का सामान लेकर उझानी जा रही डीसीएम शनिवार की देर रात हादसे का शिकार हो गई। चालक को झपकी आने के कारण डीसीएम अनियंत्रित होकर पहले बिजली के खंभे से टकराई और फिर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार चन्दौसी के एक प्रसिद्ध टैंट हाउस का सामान डीसीएम से उझानी ले जाया जा रहा था। गाड़ी में पुष्पेन्द्र (22) पुत्र पुन्नी निवासी जाफरपुर, देवपाल निवासी बर्रई, दिनेश सहित अन्य लोग सवार थे। रात करीब दो बजे हुए हादसे के बाद राहगीरों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को संयुक्त चिकित्सालय चन्दौसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने पुष्पेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर सुबह परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बदायूं भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद रविवार शाम करीब चार बजे मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताया गया है कि मृतक पुष्पेन्द्र अपने पीछे दो बेटियां और एक बेटे को छोड़ गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।





# भाजपा की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 का का दूसरे दिन भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण अभियान बस गार्डन रामू वाला गणेश में आयोजित किया गया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में रविवार को 5 सत्र आयोजित किए गए इन सत्रों को प्रांत कार्यकारी सदस्य सत्यपाल सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष डॉ ओमपाल सैनी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मुरादाबाद अध्यक्ष आनंदी प्रसाद प्रजापति, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश सैनी ने भी प्रशिक्षण ले रहे । भाजपा के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियां के बारे में प्रचार प्रसार करना चाहिए केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाएं जैसे उज्जवला गैस योजना 80 करोड़ जनता को फ्री राशन, किसान सम्मन निधि, विश्वकर्मा सम्मान योजना, एक जिला एक उत्पाद, आदि योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने गुंडाराज माफिया राज का लगभग समापन हो चुका है भारतीय जनता पार्टी मुरादाबाद के जिला महामंत्री कमल प्रजापति ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि सरकार का सम्मान करते हुए अनुशासन में रहना चाहिए ,भारतीय जनता पार्टी का मानव एकात्म बाद तथा अंत्योदय के अनुसार कार्य किया जाता है भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ पर नए बने मतदाताओं से संपर्क करके भारतीय जनता पार्टी विचारधारा से अवगत कराना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष में भारतीय जनता पार्टी के छह कार्यक्रम 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्यायके जन्मदिवस को समर्पण दिवस, 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस, 14 अप्रैल को डॉक्टर अंबेडकर जन्म दिवस पर समरसता दिवस, 23 जून को बलिदान दिवस 25 दिसंबर को सु शासेन दिवस के रूप में मनाए जाते हैं। कार्यक्रम के समापनसत्र को भाजपा के विधानसभा प्रत्याशी रहे ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहां की प्रशिक्षण कल में ग्रहण किए गए विचारों को अपने जीवन में उतरना चाहिए । प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉक्टर डॉक्टर ओमपाल सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि ,पवन कुमार शर्मा, जितेंद्र सिंह चौहान, ओम कुमार एडवोकेट दीपक गोस्वामी ,सत्येंद्र गडकरी, उमेश कश्यप ,प्रदीप कुमार पाल ,पवन पुष्पद ,मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार ,नागेंद्रलंबा महिला मोर्चा अध्यक्ष रूपेश रानी चौहान सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



# ईद की खरीदारी से बाजारों में लगा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** ईद का त्योहार नजदीक आते ही कस्बे के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। शनिवार को बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए बाजार पहुंचे, जिसके कारण मुख्य बाजार समेत कई मार्गों पर जाम की स्थिति बन गई। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी देर तक परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से ही कपड़े, जूते, सेवइयां, मिठाई और अन्य आवश्यक सामान खरीदने के लिए लोगों की भीड़ बाजार में उमड़ने लगी। दोपहर होते-होते स्थिति यह हो गई कि बाजार की सड़कों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। दुकानों के सामने लगी भीड़, सड़क किनारे खड़े वाहन और बड़ी संख्या में चल रहे ई-रिक्शाओं के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई। कई स्थानों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और लोगों को जाम में फंसकर इंतजार करना पड़ा। जाम से बचने के लिए कई बाइक और ई-रिक्शा चालकों को गलियों के रास्ते निकलना पड़ा, वहीं खरीदारी करने आए लोगों को भी भारी भीड़ के बीच से गुजरना पड़ा। स्थानीय लोगों और व्यापारियों का कहना है कि त्योहार के नजदीक आते ही हर वर्ष बाजारों में भीड़ बढ़ जाती है। लेकिन पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था न होने और बाजार क्षेत्र में अनियंत्रित तरीके से खड़े वाहनों तथा ई-रिक्शाओं के कारण जाम की समस्या और गंभीर हो जाती है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष ने प्रशासन से मांग की है कि त्योहार के दौरान बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई जाए। साथ ही बाजार के भीड़भाड़ वाले हिस्सों में ई-रिक्शा संचालन पर नियंत्रण तथा अवैध पार्किंग पर सख्ती से कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।



# पूर्व विधायक के आवास पर क्रिकेटर श्रीसंत व मनन शर्मा का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** रविवार को नगर में स्थित पूर्व बसपा विधायक विजय यादव के आवास पर रविवार को एक विशेष आयोजन का माहौल देखने को मिला, जब भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज श्री सतं और इंडियन प्रीमियर लीग के खिलाड़ी मनन शर्मा अपने परिवार के साथ यहां पहुंचे। इस अवसर पर पूर्व विधायक विजय यादव व उनके परिजनों ने अतिथियों का पारंपरिक तरीके से फूल-मालाएं पहनाकर और पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में विजय यादव की पत्नी आशा यादव, पुत्र अजय यादव व संजय यादव तथा भाई धर्मपाल यादव सहित अन्य परिजनों ने खिलाडिघ्यों का अभिनंदन किया। इस दौरान क्षेत्र के युवाओं और क्रिकेट प्रेमियों में विशेष उत्साह देखा गया। उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए श्री संत ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि क्रिकेट जैसे खेल युवाओं में अनुशासन, परिश्रम और टीम भावना का विकास करते हैं। खेल के माध्यम से न केवल व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक विकास होता है, बल्कि देश का नाम भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन होता है। उन्होंने युवाओं से खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने और मेहनत के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होने अपने खेल जीवन की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि वर्ष 2007 के टी-20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान के बल्लेबाज मिस्बाह-उल-हक का अहम कैच पकड़कर भारत की जीत में योगदान देने का अवसर उन्हें मिला था। इसके अलावा वह वर्ष 2011 में एम एस धोनीकी कप्तानी में विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा रहे। इस मौके पर मनन शर्मा ने भी युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल में सफलता प्राप्त करने के लिए नियमित अभ्यास, अनुशासन और धैर्य बेहद जरूरी है। उन्होंने युवाओं को खेल को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक बृजेंद्र सिंह, नगर उपनिरीक्षक सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। खिलाडिघ्यों के आगमन से कार्यक्रम में उत्साह का वातावरण बना रहा।



# हुल्का देवी मंदिर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**मुरादाबाद।** शहर के कपूर कंपनी स्थित श्री हुल्का देवी सिद्ध पीठ महारानी मंदिर पर आयोजित 14 दिवसीय बसौड़ा मेले में रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना और माता के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने माता हुल्का देवी के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मेले के दौरान मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र पूरी तरह भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए कतारों में अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। कई श्रद्धालु परिवार सहित मेले में पहुंचे और माता के चरणों में प्रसाद अर्पित कर आशीर्वाद लिया। मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे दर्शन व्यवस्था सुचारु रूप से चल सके। बसौड़ा मेले में पूजा-अर्चना के साथ-साथ मेले का भी खास आकर्षण देखने को मिल रहा है। मेले में लगी दुकानों पर प्रसाद, खिलौने, मिठाइयां और घरेलू सामान की खरीदारी के लिए लोगों की अच्छी खासी भीड़ दिखाई दी। बच्चों और महिलाओं में मेले को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसर और मेले के आसपास पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि व्यवस्था बनाए रखी जा सके और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए। इसके अलावा यातायात व्यवस्था को भी सुचारु रखने के लिए पुलिसकर्मी मुस्तैदी से ड्यूटी निभा रहे हैं।मंदिर समिति के पदाधिकारियों के अनुसार यह 14 दिवसीय बसौड़ा मेला हर वर्ष बड़ी श्रद्धा और आस्था के साथ आयोजित किया जाता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मेले के चलते पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है।



# भारत गैस गोदाम सील होने के बाद बढ़ी चर्चाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर के काशीपुर चुंगी स्थित भावना भारत गैस सेवा की संचालिका राम सखी देवी ने गैस एजेंसी के संचालन से इस्तीफा दे दिया है। इस संबंध में उन्होंने भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र भेजकर डिस्ट्रीब्यूटरशिप से स्वयं को मुक्त किए जाने का अनुरोध किया है। भेजे गए पत्र में राम सखी देवी ने बढ़ती उम्र और खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए कहा है कि वह अब गैस एजेंसी का संचालन करने में सक्षम नहीं हैं। इसी कारण उन्होंने एजेंसी संचालन की जिम्मेदारी से त्यागपत्र देने की बात कही है और अधिकारियों से इसे स्वीकार करने का अनुरोध किया है। बताया गया है कि इस पत्र की प्रतिलिपि एलपीजी प्लांट लोनी के क्षेत्रीय प्रबंधक, जिला पूर्ति अधिकारी मुरादाबाद तथा कंपनी के बिक्री अधिकारी को भी भेजी गई है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले गैस वितरण में कथित अनियमितताओं की शिकायत मिलने पर जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने कार्रवाई करते हुए गैस एजेंसी के गोदाम को सील कर दिया था। इसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर ठाकुरद्वारा के पूर्ति निरीक्षक जयवीर सिंह और बिक्री अधिकारी प्रदीप उपाध्याय की टीम ने शनिवार को गोदाम पहुंचकर जांच-पड़ताल की थी। जांच के दौरान अधिकारियों को एजेंसी संचालिका की ओर से एक पत्र भी प्राप्त हुआ, जिसमें उन्होंने एजेंसी संचालन में असमर्थता जताई है। बिक्री अधिकारी प्रदीप उपाध्याय ने बताया कि संचालिका का पत्र कंपनी के उच्च अधिकारियों को अग्रसारित कर दिया गया है और आगे जो भी निर्देश प्राप्त होंगे, उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इधर, एजेंसी संचालिका के इस्तीफे की खबर सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। उपभोक्ताओं के बीच भी गैस एजेंसी के भविष्य और गैस आपूर्ति व्यवस्था को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं।

# भारतीय मानव कल्याण समिति ने किया होली मिलन समारोह

**चन्दौसी।** भारतीय मानव कल्याण समिति ने होली मिलन पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। भारतीय मानव कल्याण समिति कार्यालय पर होली मिलन में गीत, संगीत एवं साहित्य का संगम रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सभासद नवकान्त देव शर्मा, विशिष्ट अतिथि कुलदीप वार्ष्णेय एवं दिनेशचंद्र गुप्ता ने भगवान गणेश एवं माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्ववलित करके किया। समिति प्रबन्धक डॉ टी.एस. पाल ने कहा कि होली रंगों, उमंग और खुशियों का महापर्व है। दिनेशपाल सिंह ने सुनाया हम संघ पथिक निराले, भारत गौरव गाएंगे। त्याग, तपस्या की ज्योति जन-जन में फैलाएंगे। विपिन बालाजी ने सुनाया जरा घूमने को मेहंदीपुर चलिए, वहां रहते बालाजी महाराज हैं। डॉ जयशंकर दुबे ने सुनाया कि दुनिया की उत्तम उपहार है बेटी, देखो कैसे पहुंची हिमालय की चोटी। शैलेन्द्र वार्ष्णेय ने गाया कि भूसा विकाय हमें लाये दियो लटकन। कुलदीप वार्ष्णेय ने कहा तकदीर के खेल से कभी निराश नहीं होते, तुम हाथों की लकीरों पर मत करना विश्वास, तकदीर उनकी भी होती है जिनके हाथ नहीं होते। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य के. जी. गुप्ता ने की तथा संचालन डॉ जयशंकर दुबे ने किया। इस दौरान सुशील कुमार भोलेनाथ, दारा सिंह एड0, आकाश कुमार शर्मा, मुकेश वार्ष्णेय, रोशन लाल, कृष्ण मोहन गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, विपिन वार्ष्णेय, सुभाषचंद्र वार्ष्णेय, रतन वार्ष्णेय, श्याम सुंदर दुबे, राजेश पाल, संजय सैनी आदि उपस्थित रहे।

# महानगर में मेयर और प्रशासन आमने-सामने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर में हाल ही में हुई बुलडोजर कार्रवाई को लेकर भाजपा के मेयर विनोद अग्रवाल और जिला प्रशासन के बीच विवाद गहराता नजर आ रहा है। इस मामले ने अब राजनीतिक रंग ले लिया है और स्थानीय से लेकर प्रदेश स्तर तक चर्चाओं का विषय बन गया है। मेयर ने पूरे प्रकरण को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को पत्र भेजकर अपने सम्मान की रक्षा और मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।मेयर विनोद अग्रवाल ने अपने पत्र में प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा है कि वह करीब चार दशकों से भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी जुड़े रहे हैं। इसके बावजूद हाल की घटना के बाद जिला प्रशासन के प्रति उनका भरोसा कमजोर हुआ है। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व से इस मामले में हस्तक्षेप करने और न्याय दिलाने की अपील की है।दरअसल विवाद मुरादाबाद के धीमरी गांव में हुई कार्रवाई से जुड़ा है। 12 मार्च को प्रशासन ने कथित अतिक्रमण हटाने के अभियान के तहत एक बाउंड्री वॉल पर बुलडोजर चलाकर उसे गिरा दिया और जमीन को कब्जामुक्त कराने की बात कही। प्रशासन का कहना है कि यह निर्माण सरकारी जमीन पर अवैध रूप से किया गया था।वहीं मेयर विनोद अग्रवाल का दावा है कि जिस जमीन पर कार्रवाई की गई वह उनकी निजी संपत्ति है, जिसे उन्होंने करीब दस वर्ष पहले खरीदा था और वहां खेती भी कराई जा रही थी। मेयर के अनुसार बाउंड्री वॉल तोड़े जाने से उन्हें लगभग 75 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। मेयर ने अपने पत्र में यह भी कहा कि इस घटना से उनका मनोबल प्रभावित हुआ है और ऐसी स्थिति में कार्यकर्ताओं के बीच जाकर उनका उत्साह बढ़ाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने मांग की है कि जमीन की पैमाइश किसी अन्य जिले के निष्पक्ष अधिकारियों से कराई जाए ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।मामला सामने आने के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल बढ़ गई है और अब सबकी निगाहें प्रदेश नेतृत्व के अगले कदम पर टिकी हुई हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**

**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक

**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎ 0591-2313314

मुख्यालय:

मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263

**www.shahtimesnews.com**

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दरोगा भर्ती परीक्षा के सवाल पर ब्राह्मण समाज का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश पुलिस सब-इंस्पेक्टर (दरोगा) भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर महानगर में ब्राह्मण समाज के लोगों ने नाराजगी जताई। इसको लेकर समाज के प्रतिनिधियों ने सिविल लाइंस थाने पहुंचकर प्रदर्शन किया और संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपा।प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि 14 मार्च को आयोजित दरोगा भर्ती की लिखित परीक्षा के प्रश्नपत्र में एक ऐसा सवाल शामिल किया गया, जिससे ब्राह्मण समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। समाज के प्रतिनिधियों के अनुसार प्रश्न संख्या 31 में "अवसर के अनुसार बदल जाने वाला" वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनने को कहा गया था। इस सवाल के विकल्पों में "पंडित" शब्द भी दिया गया था, जिस पर समाज के लोगों ने आपत्ति जताई है।ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि "पंडित" शब्द भारतीय संस्कृति और परंपरा में सम्मानजनक संबोधन के रूप में जाना जाता है और यह विशेष रूप से ब्राह्मण समाज से जुड़ा हुआ है। ऐसे में इसे इस प्रकार के संदर्भ में विकल्प के तौर पर शामिल करना समाज के सम्मान को ठेस पहुंचाने जैसा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस तरह के सवाल से न केवल समाज की भावनाएं आहत हुई हैं, बल्कि इससे सामाजिक सद्भाव पर भी असर पड़ सकता है।प्रदर्शन के दौरान समाज के लोगों ने संबंधित परीक्षा प्राधिकरण और प्रश्नपत्र तैयार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर मामले में थ्प्त दर्ज कर जांच कराने की अपील की है।सिविल लाइंस थाने में पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित प्रकरण को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा।



# राष्ट्रीय लोक अदालत में 29086 वादों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी में शनिवार 14 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में बड़ी संख्या में वादों का निस्तारण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह ने मां सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। लोक अदालत में सिविल कोर्ट चन्दौसी, बाह्य न्यायालय संभल व गुन्नौर, समस्त राजस्व चकबंदी न्यायालयों तथा विभिन्न बैंकों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय डॉ. मचला अग्रवाल, अपर सत्र न्यायाधीश आरती फौजदार, अपर सत्र न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट रागि. नी, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी सचिव/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार जायसवाल, सिविल जज (सीडी) आदित्य सिंह, सिविल जज (सीडी) पराग यादव, एसीजेएम नावेद अख्तर, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) दिव्या गर्ग, न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या चिंडालिया, बार एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह सहित न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, बैंक कर्मचारी और वादकारी उपस्थित रहे।राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 29,086 वादों का निस्तारण किया गया, जिनमें न्यायालयों द्वारा 3,299 वादों का निस्तारण करते हुए अर्थदंड व प्रतिकर के रूप में 2,48,80,611.57 रुपये वसूले गए। मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिकरण के पीठासीन अधिकारी प्रदीप कुमार ने 27 मामलों का निस्तारण करते हुए पीडिघ्त पक्ष को 7,99,65,267 रुपये प्रतिकर दिलवाया। इसके अतिरिक्त विभिन्न न्यायिक अधिकारियों द्वारा भी बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण कर अर्थदंड वसूला गया। वहीं जनपद के समस्त राजस्व न्यायालयों द्वारा 24,973 वादों का निस्तारण किया गया। उपभोक्ता फोरम ने 8 मामलों में 44,44,404.54 रुपये की समझौता राशि दिलाई, जबकि विभिन्न बैंकों ने 814 मामलों का निस्तारण कर 7,76,16,000 रुपये की धनराशि समझौते के बाद प्राप्त की। राष्ट्रीय लोक अदालत में बड़ी संख्या में मामलों के निस्तारण से वादकारियों को त्वरित न्याय मिला।



## संक्षिप्त खेला समाचार

### पाक के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद ने रविवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इसके साथ ही उनके लगभग दो दशक लंबे शानदार करियर का अंत हो गया। कराची में जन्मे इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने नवम्बर 2007 में जयपुर में भारत के खिलाफ एकदिवसीय मैच से अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने 54 टेस्ट, 117 एकदिवसीय और 61 टी-20 मैच खेले, जिनमें उन्होंने 6,164 रन बनाए। इनमें छह शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। विकेट के पीछे रहते हुए सरफराज ने 315 कैच लपके और 56 स्टंपिग कीं। सरफराज ने सभी फॉर्मेट को मिलाकर 100 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तान की कप्तानी भी की, जिनमें 50 एकदिवसीय, 37 टी-20 और 13 टेस्ट मैच शामिल हैं।

### रिषभ का लगातार दूसरा शतक, उत्तर क्षेत्र का चैंपियन बनना तय

**नई दिल्ली, वार्ता।** रिषभ सिंह (नाबाद 100) के लगातार दूसरे शतक की बदौलत उत्तर क्षेत्र ने दक्षिण क्षेत्र को रविवार को रोशनारा क्लब मैदान में 10 विकेट से रौंद कर जेके बोस टूर्नामेंट जीतना सुनिश्चित कर लिया है। दक्षिण क्षेत्र चार विकेट पर 187 रन पर रोकने के बाद, उत्तर क्षेत्र ने 18.2 ओवरों में बिना कोई विकेट खोए 188 रन बनाकर शानदार जीत हासिल की। पिछले मैच में पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ शतक लगाने वाले रिषभ ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए एक ओर शतक ठोका। रिषभ ने 14 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 100 रन बनाए। लगातार दूसरी जीत के साथ उत्तर क्षेत्र का चैंपियन बनना तय हो गया है।

### राहगीरी दिवस पर फिर लौटा कनॉट प्लेस में 'संडेज ऑन साइकिल'

**नई दिल्ली, वार्ता।** राहगीरी दिवस पर 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' का 65वां संस्करण देशभर में 5000 से अधिक जगहों पर आयोजित किया गया। इस आयोजन ने देश के समुद्रों और पहाड़ों, रेगिस्तानों और जंगलों को एक ही आंदोलन के जिरए आपस में जोड़ दिया। 300 से अधिक 'फिट इंडिया चैंपियंस' और एंबेसडर्स, साथ ही कई खास मेहमानों ने इस साइकिलिग कार्यक्रम की अगुवाई की। ए कार्यक्रम ओडिशा के कोकराझार से लेकर पंजाब के बादल और दक्षिण में एलेप्पी तक तथा नई दिल्ली के कनॉट प्लेस में इसका आयोजन किया गया। पटना में, बिहार की युवा और ऊर्जावान खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने 'संडेज ऑन साइकिल' में हिस्सा लिया और खुद आगे बढ़कर लोगों के लिए एक मिसाल कायम की। असम में, असम सरकार की सहायक आयुक्त, एमएमए फाइटर, कराटे ब्लैक बेल्ट होल्डर और एक अनुभवी साइकिलिस्ट, रीमा तृषा हलोई ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम सम्मानित

# गिल-मंधाना को क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

### द्रविड़-मिताली राज को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिला





**नई दिल्ली, वार्ता।** बीसीसीआई के नमन अवार्ड 2026 के समारोह में भारतीय कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को क्रिकेटर ऑफ ईयर का अवार्ड दिया गया है।

वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय महिला टीम का सम्मान हुआ। इससे पहले चौंपियंस ट्राफी की विजेता टीम को सम्मानित किया गया। समारोह की शुरुआत में सबसे पहले जूनियर क्रिकेटर आहिरा जाधव और महिला क्रिकेटर शेफाली वर्मा को जगमोहन डालमिया ट्राफी दी गई।

फिर अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीमें (मेंस, विमेंस) सम्मानित हुई। अंडर-19 टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे को लाला अमरनाथ अवार्ड दिया गया है। यहां बीसीसीआई 1983 वर्ल्डकप विजेता टीम के सदस्य रोजर बिन्नी, 2024 टी-20 वर्ल्डकप जिताने वाले कोच और पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया।

इनमें भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल को बीसीसीआई क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवार्ड दिया गया। भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज को बीसीसीआई लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। भारतीय टीम ने 8 मार्च को अहमदाबाद में टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। साल 2025 में भारतीय कप्तान गिल का प्रदर्शन शानदार रहा।

उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 983 रन बनाए, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई सीरीज में 70 से ज्यादा की औसत से बनाए गए 754 रन शामिल थे। वनडे में भी गिल ने 490 रन बनाए और भारत के आईसीसी चैंपियंस ट्राफी जीतने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने सभी फार्मेट में 49 की औसत से 1764 रन बनाए, जिसमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे। स्मृति मंधाना ने पिछले साल 36 मैचों में 1800 रन बनाए।

इनमें 7 शतक शामिल रहे। इनमें से 6 शतक वनडे क्रिकेट में आए। जबकि एक शतक टी-20 इंटरनेशनल में आया। मंधाना ने 3 वनडे में 1311 रन बनाए। उन्होंने 12 टी-20 मैचों में 489 रन बनाए। द्रविड़ को क्रिकेट इतिहास के महानतम बल्लेबाजों में गिना जाता है। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में 24 हजार से ज्यादा रन बनाए और एक दशक से ज्यादा समय तक भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ रहे। उन्होंने रिटायरमेंट के बाद भारतीय क्रिकेट के भविष्य को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। नेशनल क्रिकेट अकादमी में हेड ऑफ क्रिकेट के रूप में उन्होंने युवा खिलाड़ियों को तैयार किया और प्रतिभा की मजबूत पाइपलाइन बनाई। उनकी कोचिंग में भारत ने 2018 में अंडर-19 विश्व कप जीता।

बाद में भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में उन्होंने 2024 में भारत को अइाईसीसी मेंस टी20 विश्व कप जिताया। 1983 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे। भारतीय क्रिकेट में अहम योगदान दिया। वे 1983 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। बिन्नी ने 1985 वर्ल्ड चौंपियनशिप ऑफ क्रिकेट जीतने वाली भारतीय टीम में भी जगह बनाई थी। वह पहले भारतीय क्रिकेटर थे, जिन्होंने वनडे मैच में गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों की शुरुआत की। बतौर कोच और प्रशासक के रूप में भी योगदान दिया।

# पांचवां पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट आज से खालसा कॉलेज में

### टूर्नामेंट आज से 24 मार्च तक दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में होगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** पांचवां पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी आमंत्रण टूर्नामेंट (पुरुष और महिला) 16 से 24 मार्च तक दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में प्रति वर्ष की भांति आयोजित किया जाएगा।

सोमवार से शुरु हो रही प्रतियोगिता का उद्घाटन पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड (पीएसपीबी) के सलाहकार मुख्य अतिथि ललित वत्स करेंगे।

गेस्ट ऑफ ऑनर प्रोफेसर सरिता त्यागी, हेड, डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस, दिल्ली यूनिवर्सिटी होंगी। इस अवसर पर मेजबान खालसा कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह भी मौजूद रहेंगे।

खालसा कॉलेज की डायरेक्टर, फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस सुश्री इंदरप्रीत कौर के अनुसार यह टूर्नामेंट इंटर कॉलेज लेवल पर पुरुष और महिला वर्ग में होगा। पुरुष हॉकी में सात टीमें और महिला वर्ग में चार टीमें भाग ले रही हैं। दोनों वर्गों में यह लीग कम नॉकआउट प्रारुप में होगी। पूल की दो शीर्ष टीमों के बीच फाइनल खेला जाएगा।

**पुरुष वर्गः** एसजीटीबी खालसा कॉलेज, किरोड़ीमल कॉलेज, सेंट स्टीफन कॉलेज, हंसराज कॉलेज, श्याम लाल कॉलेज, इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस और एमिटी यूनिवर्सिटी।

# सफलता का कोई सीक्रेट नहीं होता : रोहित



● **कहा : हम उम्मीद कर रहे हैं भारत की पुरुष और महिला टीमों ने जो खिताब जीते हैं वह केवल एक शुरुआत हो**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि सफलता का कोई सीक्रेट नहीं होता, सब कुछ कड़ी मेहनत से हासिल होता है। उन्होंने कहा कि उम्मीद कर रहे हैं कि भारत के पुरुष और महिला टीमों ने जो आईसीसी खिताब जीते हैं वह केवल एक शुरुआत हो।

दो बार ट्रॉफी जीत चुके रोहित ने शनिवार को कहा कि सफलता का कोई सीक्रेट नहीं होता, सबकुछ कड़ी मेहनत से होता है। पुरुष और महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर्स ने जो सफलता हासिल की है उसके लिए वे बेहद कड़ी मेहनत करते हैं। जाहिर तौर पर केवल मैदान पर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी ही नहीं बल्कि पर्दे के पीछे काम कर रहे काफी सारे लोग भी इस सफलता के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। इसलिए कई सारे लोगों को क्रेडिट दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों से हम जो देख रहे हैं कि हमारा झंडा लहरा रहा है और हमने जो भी हासिल किया है उसे देखकर मैं बेहद खुशी और गर्व महसूस करता हूं। केवल पुरुष क्रिकेट ही नहीं बल्कि महिला क्रिकेट ने भी शानदार सफलता हासिल की है, मुंबई में उन्हें विश्व कप जीतते देखना शानदार था। हाल ही में पुरुष टीम ने टी-20 विश्व कप जीतकर जो किया वह तो अदभुत था। मैं उम्मीद करता हूं ए शुरुआत हो, यहां से पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं है क्योंकि जब आपको मोमेंटम मिल जाता है तो आपको उसे बनाए रखना चाहिए क्योंकि हमेशा क्रिकेट में मोमेंटम की बात होती रहती है। उल्लेखनीय है कि जून 2024 में रोहित की कप्तानी में भारत ने टी-20 विश्व कप जीता था और यहीं से उनके आईसीसी ट्रॉफी जीतने की शुरूआत हुई थी। मार्च 2025 में रोहित की ही कप्तानी में टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। भारत की अंडर-19 टीम ने भी महिला और पुरुष दोनों वर्गों का विश्व कप जीता है। अंडर-19 पुरुष टीम ने पिछले महीने आयुष म्हात्रे की कप्तानी में तो वहीं अंडर-19 महिला टीम ने निकी प्रसाद की कप्तानी में 2025 में ट्रॉफी उठाई थी। भारत के लिए अगला आईसीसी टूर्नामेंट अब महिला टी-20 विश्व कप होगा। जो 12 जून से ब्रिटेन में शुरु होगा। टूर्नामेंट में भारत को ग्रुप 1 में पाकिस्तान, नीदरलैंड्स, बंगलादेश, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के साथ रखा गया है।

# आईसीसी ने सलमान को लगाई फटकार, एक डिमेरिट अंक दिया




● **आगा सलमान को आर्टिकल 2-2 का दोषी पाया गया, जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरणों आदि के दुरुपयोग से संबंधित है**

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मीरपुर में बंगलादेश के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए पाकिस्तान के बल्लेबाज आगा सलमान को फटकार लगाई गई और एक डिमेरिट अंक दिया गया। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार आगा सलमान को आर्टिकल 2-2 का दोषी पाया गया, जो अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण, कपड़ों या मैदान से जुड़ी चीजों के दुरुपयोग से संबंधित है।

यह घटना पाकिस्तान की पारी के 39वें ओवर में उस समय हुई जब अजीबो गरीब तरीके से रनआउट होने के बाद आगा ने अपने ग्लव्स और हेलमेट मैदान पर फेंक दिए। 62 गेंद पर 64 रन बनाने वाले आगा नॉन स्ट्राइकर छोर पर क्रीज से बाहर थे। मोहम्मद रिजवान ने गेंद को सीधे गेंदबाज मेहदी हसन मिराज की ओर खेला और मिराज ने गेंद को पैर से रोक लिया। आगा अभी भी क्रीज से बाहर थे और गेंद उठाकर गेंदबाज को देने ही वाले थे, तभी मिराज ने गेंद पकड़कर थ्रो करते हुए विकेट गिरा दिए। इस तरह से आउट होने के बाद आगा गुस्से में दिखे। हालांकि बाद में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने 'खेल भावना' की बात की और कहा कि अगर वह मिराज की जगह होते तो मामला अलग तरीके से संभालते। आगा ने अपनी गलती स्वीकार कर ली और मैच रेफरी नियामुर राशिद राहुल की प्रस्तावित सजा को मान लिया।

# जयपुर सोल्जराथॉन-2026 मैराथन में हजारों दौड़े

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान में जयपुर के सैन्य छावनी में आयोजित वंडर सीमेंट जयपुर सोल्जराथॉन- 2026 मैराथन में साढ़े चार हजार से अधिक धावकों ने उत्साहपूर्वक शिरकत की। रक्षा सूत्रों ने रविवार को बताया कि जयपुर सैन्य छावनी में स्थित गांडीव स्टेडियम में आयोजित इस दौड़ में सेवारत सैनिक, पूर्व सैनिक, पेशेवर धावक, विद्यार्थी और आम नागरिक शामिल थे, जिन्होंने फिटनेस और देशभक्ति की भावना का उत्सव मनाने के लिए एकत्रित होकर इस आयोजन को विशेष बनाया। रक्षा सूत्रों ने बताया कि एक सशक्त नई पहल के रूप में आयोजित यह पहला वंडर सीमेंट जयपुर सोल्जराथॉन फिटनेस, अनुशासन और सशस्त्र सेनाओं के प्रति गहरे सम्मान की भावना से प्रेरित एक आंदोलन की शुरुआत है, जिसका सार रन विद सोल्जर, रन फॉर सोल्जर के संदेश में निहित है। इस आयोजन ने



नागरिकों को केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों के लिए ही नहीं, बल्कि एक बड़े राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए दौड़ने के लिए प्रेरित किया, जिससे फिट भारत की परिकल्पना को बल मिला और से यस टू स्पोर्ट्स , नो टू ड्रग्स का संदेश व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। सूत्रों ने बताया कि यह दौड़ भारत के घायल सैनिकों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने का भी माध्यम बनी। इस अवसर पर पैराप्लेगिक रिहैबिलिटेशन सेंटर के समर्थन के माध्यम से उन सैनिकों के अदम्य साहस को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कर्तव्य निर्वहन के दौरान रीढ़ की गंभीर चोटें झेली हैं। इससे पहले मैराथन को मिजोरम के राज्यपाल सोल्जराथॉन के संरक्षक जनरल (डा.) वीके सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल मंजींदर सिंह, आर्मी कमांडर, सप्त शक्ति कमान भी उपस्थित रहे। इन विशिष्ट व्यक्तित्वों की उपस्थिति ने फिटनेस को प्रोत्साहित करने, युवाओं को प्रेरित करने तथा सैन्य-नागरिक सौहार्द को सुदृढ़ बनाने के प्रति भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

# खिताब के लिए भिड़ेंगे मेदवेदेव-सिनर

● **डेनिल मेदवेदेव और जैनिक सिनर के बीच इंडियन वेल्स का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा**





**कैलिफोर्निया, वार्ता।** रूस के दिग्गज खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव और इटली के टेनिस स्टार जैनिक सिनर के बीच इंडियन वेल्स का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। डेनिल मेदवेदेव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नंबर एक कार्लोस अल्काराज को हराकर इंडियन वेल्स के फाइनल में जगह बना ली है।

जहां उनका मुकाबला जैनिक सिनर होगा। रूसी खिलाड़ी मेदवेदेव ने तेज शुरुआत की और एक घंटा 37 मिनट तक चले मुकाबले में अल्काराज पर 6-3, 7-6 (7-3) से जीत हासिल की। अल्काराज ने साल की शुरुआत ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतकर की थी और मेदवेदेव से मुकाबला होने तक वे लगातार 16 मैच जीत चुके थे। इस जीत के साथ ही मेदवेदेव ने अल्काराज की इस साल चली आ रही 16 जीतों के सिलसिले को समाप्त कर दिया। मुकाबला जीतने के बाद मेदवेदेव ने कहा कि कार्लोस जैसे खिलाड़ी को हराना - जो दुनिया का नंबर एक खिलाड़ी है - एक शानदार एहसास है। एक तरह से, जब आप उनके साथ, या जैनिक सिनर, या नोवाक जोकोविच के साथ खेलते हैं, तो रैंकिंग कोई मायने नहीं रखती। उनके साथ खेलना ही एक बेहतरीन एहसास है, और उन्हें हराना, जाहिर है, और भी अधिक अच्छा लगता है।

अल्काराज ने कहा कि मुझे डनिल को इसका श्रेय देना होगा। मुझे लगता है कि उन्होंने एक जबरदस्त मैच खेला। मैच की शुरुआत से लेकर आखिर तक, वे अविश्वसनीय खेल रहे थे, मुझे यह कहना ही पड़ेगा।

सच कहूं तो, मैंने डनिल को इस तरह खेलते हुए पहले कभी नहीं देखा। इससे पहले दिन में,इटली के जैनिक सिनर ने चौथे वरीयता प्राप्त जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर पहली बार इंडियन वेल्स फाइनल में जगह बनाई। सिनर ने चौथे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को 6-2, 6-4 से हराया।

# द. अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया



● **दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं**

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** नकोबानी मोकोएना (तीन विकेट) और गेराल्ड कोएत्जी, ओटनील बार्टमैन तथा केशव महाराज (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कॉनर एस्टरहाउजन (नाबाद 45) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को पहले टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 20 गेंदें शेष रहते सात विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

92 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने 28 रन के स्कोर तक अपने दो विकेट गंवा दिए। टोनी डीजॉर्जी (दो) और रूबिन हरमन (सात) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए जेसन स्मिथ ने कॉनर एस्टरहाउजन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

10वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने जेसन स्मिथ (10) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने 16.4 ओवरों में तीन विकेट पर 93 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। कॉनर एस्टरहाउजन ने 48 गेंदों में दो चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 45 रनों की पारी खेली। डियान फॉरेस्टर ने नाबाद 16 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए काइल जेमीसन, जैकरी फॉक्स और मिचेल सैंटनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने एक के बाद एक लगातार विकेट गंवाए। डेवोन कॉनवे (एक), टॉम लैथम (सात), टिम रॉबिन्सन (छह), निक केली (दो) और बेवन जैकब्स (10) रन बनाकर आउट हुए। एक समय न्यूजीलैंड ने 36 रन पर अपने पांच विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कप्तान मिचेल सैंटनर और जेम्स नीशम की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया दोनों बल्लेबाजों ने छठे विकेट लिए 22 रन जोड़े।

10वें ओवर में केशव महाराज ने मिचेल सैंटनर (15) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद कोल मैककॉन्ची ने भी पारी को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने नीशम के साथ सातवें विकेट के लिए 26 रन जोड़े। नीशम ने 21 गेदों में 26 रन बनाए। कोल मैककॉन्ची ने 11 गेंदों में 15 रन बनाए। दोनों ही बल्लेबाजों को नकोबानी मोकोएना ने आउट किया। दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 14-3 ओवरों में 91 रन के स्कोर पर समेट दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए नकोबानी मोकोएना ने तीन विकेट और गेराल्ड कोएत्जी, ओटनील बार्टमैन तथा केशव महाराज दो-दो विकेट लिए।

# न्यूजीलैंड की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 80 रनों से हराया



**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** कप्तान अमेलिया केर (78), जॉर्जिया प्लिमर (63) की शानदार अर्द्धशतकीय पारी के बाद सोफी डिवाइन (चार विकेट) और जेस केर (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने रविवार को खेले गए पहले टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 80 रनों से शिकस्त दी। न्यूजीलैंड ने इस जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। अमेलिया केर को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। 191 रनों के लक्ष्य का दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 110 रन ही बना सकी और 80 रनों से मुकाबला हार गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए ताजिमन ब्रिट्स ने सर्वाधिक 29 रन बनाए। इसकेअलावा एन डी क्लर्क (19), सूने लूस और (10) रन बनाकर आउट हुई। कायला रेनेके ने 18 गेंदों में नाबाद 24 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए सोफी डिवाइन ने 12 रन देकर चार विकेट और जेस केर ने 13 रन देकर दो विकेट लिए। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। न्यूजीलैंड को पारी की पहली गेंद पर इजाबेला गेज (शून्य) रनआउट के रूप में पहला झटका लगा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई अमेलिया केर ने जॉर्जिया प्लिमर के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 146 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में एम क्लास ने अमेलिया केर को आउटकर इस साझेदारी को अंत किया। अमेलिया केर ने 44 गेंदों में 11 चौके और तीन दो उड़ाते हुए 78 रन बनाए। 15वें ओवर में एन म्लाबा ने जॉर्जिया प्लिमर को आउट किया।

# एसआई भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में हुई संपन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा 14 और 15 मार्च 2026 को मुरादाबाद जनपद में शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित माहौल में संपन्न हुई। जिले के कुल 28 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में लगभग 45 हजार अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। परीक्षा के दौरान प्रशासन और पुलिस विभाग ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरती, जिसके चलते पूरी प्रक्रिया बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक पूरी हो गई।परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। जिले में 500 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई, वहीं 56 मजिस्ट्रेट भी विभिन्न केंद्रों पर निगरानी के लिए नियुक्त किए गए। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस की टीमें लगातार गश्त करती रहीं।शहर में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के आने-जाने को देखते हुए यातायात व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। कई प्रमुख मार्गों पर रूट डायवर्जन लागू किया गया, जिससे परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। यातायात पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम लगातार व्यवस्था को संभालती रही।मुरादाबाद रेंज के डीआईजी मुनिराज जी ने स्वयं कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता और अनुशासन के साथ कराई जाए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की एंट्री प्रक्रिया और

## केंद्रों का डीआईजी ने किया निरीक्षण



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक व समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और सकुशल संपन्न कराने के लिए रविवार को पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। इसी क्रम में रविवार को डीआईजी मुनि. राज जी ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह तथा पुलिस अधीक्षक अपराध सुभाष चंद्र गंगवार भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया और सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि परीक्षा केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित हो रही हैं।डीआईजी मुनिराज जी ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस और प्रशास. निक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही अभ्यर्थियों को बिना किसी परेशानी के परीक्षा देने का अवसर उपलब्ध कराया जाए।निरीक्षण के दौरान प्रवेश द्वारों पर चेकिंग व्यवस्था, बायोमेट्रिक सत्यापन, अभ्यर्थियों की तलाशी और परीक्षा कक्षों की निगरानी व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम में कैमरों के माध्यम से सभी कक्षों की निगरानी की व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर मौजूद स्टाफ से बात. चीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और उन्हें सतर्कता के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए। प्रशासन द्वारा परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकल. विहीन माहौल में संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है।पुलिस प्रशासन का कहना है कि भर्ती परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और सुरक्षा के साथ संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं, ताकि अभ्यर्थियों को निष्पक्ष वातावरण में परीक्षा देने का अवसर मिल सके।

केंद्रों के भीतर की व्यवस्थाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया।परीक्षा समाप्त होने के बाद बाहर निकलने वाले अभ्यर्थियों ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। कई अभ्यर्थियों ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था और समयबद्ध प्रवेश प्रक्रिया काफी व्यवस्थित रही।पुलिस और प्रशासन के समन्वित प्रयासों के चलते पूरे जनपद में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और किसी भी केंद्र से अव्यवस्था या नकल से संबंधित शिकायत सामने नहीं आई। प्रशासन ने सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग की सराहना की।

## एक नजर

### अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल 19 मार्च को मनाएगा भारतीय हिंदू नववर्ष



**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक में 19 मार्च को भारतीय हिंदू नववर्ष धूमधाम से मनाने की घोषणा की गई। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि विक्रम संवत 2083 के प्रथम दिन सभी व्यापारी जोश और उत्साह के साथ नववर्ष का स्वागत करेंगे। पदाधिकारियों ने कहा कि भारतीय हिंदू नववर्ष के साथ ही प्रकृति में भी परिवर्तन दिखाई देता है, पेड़ों से पतझड़ समाप्त होकर नई कोंपलें निकलती हैं और गर्मी के मौसम की शुरुआत होती है, जिससे वातावरण में नई ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर व्यापारियों के लिए भी उन्नति और व्यापार वृद्धि की कामना की जाती है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 19 मार्च से पूरे माह व्यापारी एक-दूसरे को भारतीय हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं देंगे। साथ ही मोबाइल के माध्यम से भी शुभकामना संदेश भेजे जाएंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर, उमेशचंद्र वार्ष्णेय, रमेश ग्रेवाल, शाहआलम मंसूरी, विपुल महाजन, चिंटू शर्मा, पहलाद लोधी, उपेंद्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### तेज हवा के साथ हुई बूंदाबांदी से खेतों में गेंहू की फसल बिछी



**चन्दौसी।** रविवार की सुबह मौसम ने करवट बदला और आसमान में घने बादल व तेज हवा चलने से मौसम ठंडा हो गया और गरज चमक के साथ बूंदाबांदी होने लगी। तहसील चन्दौसी अन्तर्गत थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में रविवार की सुबह तेज हवा के साथ बूंदाबांदी हुई जिससे खेतों में खड़ी गेंहू की फसल गिरने लगी है और कहीं-कहीं गेंहू की फसल पूरी तरह हवा के झोंकों के साथ बिछ गई। इस समय गेंहू की फसल पकने की अवस्था में है। दियौरा खास, बिचौटा, बेरनी, रतनपुर, कुढ़फतेहगढ़ आदि गांवों में गेंहू की फसल बिछ गई है। दियौरा खास निवासी किसान सोमपाल सिंह के खेत में खडी गेंहू की फसल गिर गई। वहीं रामप्रसाद की गेंहू की फसल पूरी तरह बिछ गई। मुडिघ्याखेड़ा निवासी किसान सुमित कुमार सिंह ने बताया कि हमारी गेंहू की फसल पक चुकी है ऐसे में हल्की बूंदा-बांदी से कोई हानि नहीं होगी परन्तु वर्षा अधिक हो गई तो फसल को हानि हो सकती है। गुरसरी निवासी किसान योगेन्द्र सिरोही ने बताया कि इस समय गेंहू की फसल में अन्तिम सिंचाई चल रही है। बूंदा-बांदी से फसल में नुकसान नहीं है परन्तु वर्षा के साथ चल रही तेज हवा से फसल गिर रही हैं जिससे पैदावार में हानि की सम्भावना बढ़ जायेगी।

### श्रीवार्ष्णेय यूथ संगठन ने राज्यमंत्री गुलाब देवी को दिया ज्ञापन



**चन्दौसी।** श्रीवार्ष्णेय यूथ संगठन के पदाधिकारियों ने रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री गुलाब देवी को ज्ञापन सौंपकर वार्ष्णेय समाज के कुलप्रवर्तक भगवान श्रीअक्रूरजी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर 11 अप्रैल 2026 को पूरे प्रदेश में एक दिन का अवकाश घोषित करने की मांग की। साथ ही चन्दौसी के रामबाग रोड पर भगवान श्रीअक्रूरजी महाराज के नाम से एक भव्य द्वार बनाए जाने की भी मांग की गई। संगठन के अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय 'अन्नू' ने कहा कि वार्ष्णेय (बारहसैनी) समाज प्राचीन वृष्णि वंश से संबंधित एक समृद्ध वैश्य समुदाय है, जो भगवान श्रीकृष्ण को अपना आराध्य और श्रीअक्रूरजी महाराज को अपना वंश प्रवर्तक मानता है। उन्होंने कहा कि समाज की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार की मांगें समाज की आस्था से जुड़ी हैं। वहीं प्रभात कृष्णा ने कहा कि युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ने के लिए समय-समय पर गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें श्रीअक्रूरजी महाराज के जीवन चरित्र और उनके आदर्शों के बारे में समाज को जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा प्रतिवर्ष भव्य शोभायात्रा निकालने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में मंतेश वार्ष्णेय, देवेन्द्र मोनू, लकी वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, चिंकल, चिराग वार्ष्णेय, ब्रजेश वार्ष्णेय, रजत वार्ष्णेय, निक्कू वार्ष्णेय, अमित चौधरी, अमित के.एस. सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### शराब पीकर मारपीट करने में पुलिस ने किया दो का चालान




**कांठ( शाह टाइम्स )।** शराब पीकर मारपीट करने में पुलिस ने दो का शांति भंग में चालान किया है। निकट जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा क्षेत्र के गांव मीरपुर निवासी सुमेंद्र पुत्र गिरधारी और रोहतास पुत्र गिरधारी नया गांव अकबरपुर चौदरी गांव के आंसू के साथ मारपीट कर रहे थे जिसने इसकी शिकायत पुलिस से की पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर चालान कर दिया

# चिकित्सक के बंद पड़े घर में लाखों की चोरी दी थाने में तहरीर



**कांठ( शाह टाइम्स )।** चिकित्सा के बंद पड़े घर से चोर लाखों का सामान लेकर फरार हो गए और अपना ताला भी डाल दिया चिकित्सक कई दिनों बाद मकान पर गया तो नया ताला देकर उसके होश हो गए अंदर जाकर देखा तो मोटर नकदी आदि काफी सामान गायब मिला। थाना छजलैट के सदरपुर मतलबपुर निवासी राहुल कुमार आर्य पुत्र राजेश कुमार कांठ में रहकर चिकित्सा व्यवसाय करते हैं उनका एक मकान नगर के घोसीपुरा मोहल्ले में भी है जिस पर उनका ताला लगा रहता है कई दिन बाद चिकित्सक अपने मकान को देखने के लिए गए तो वहां पर नया ताला पड़ा देखकर उनके होश उड़ गए ताला तोड़कर मकान के अंदर गए तो वहां से चोर पानी की मोटर बिजली का इनवर्टर वाई-फाई राउटर और घरेलू सामान एवं नगदी चोरी कर फरार हो चुके थे चिकित्सक का कहना था कि चोरों ने पहले उनके मकान का तालाब तोड़ा फिर आराम से अंदर घुस गए और सारा सामान लेकर दूसरा ताला डालकर फरार हो गए चिकित्सक थाने पहुंचा और अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# श्री सिद्धबली सेवा संस्थान 250 लड़कियों को दिखाएगा केरला स्टोरी दो



**कांठ( शाह टाइम्स )।** श्री सिद्धबली गुरुजी सेवा संस्थान मुरादाबाद के तत्वाधान में 17 मार्च दिन मंगलवार को वेव सिनेमा मुरादाबाद रामगंगा विहार में केरला स्टोरी 2 दो सौ पचास बेटियों को निशुल्क दिखाई जाएगी। संस्थान के संस्थापक गुरु अरविंद ने बताया कि इस मूवी को दिखाने का तात्पर्य यह है कि कुछअसामाजिक तत्वों द्वारा सनातन धर्म की बेटियों को षड्यंत्र के तहत टारगेट करके उनके जीवन को तहस-नहस या पूरी तरह समाप्त करने की योजनाएं बनाई जाती हैं ,और कभी-कभी सनातन धर्म की कुछ बेटियां किसी अज्ञानता बस या किसी भ्रम बस किसी भी शातिर मानसिकता वाले व्यक्ति के संपर्क में आकर अपने जीवन को गंवा देती हैं। वह अपना अपने परिवार और नारी का जो सम्मान है उसका हनन समाज के असामाजिक तत्वों द्वारा करा देती हैं। इस मूवी के द्वारा बेटियों को जागृत कर संदेश को बेटियों तक सुगमता से पहुंचाने के लिए यह योजना बनाई है। उन्होंने मंगलवार को दोपहर 12 बजे तक बेटियो से संस्थान पर पहुंचने का आह्वान किया और कहा कि जिससे 1:00 तक वेब सिनेमा पहुंचकर 2:00 से शुरू होने वाली मूवी को देख सकें और संस्थान द्वारा बेटियों के जलपान की व्यवस्था और बैठने की व्यवस्था समय रहते की जा सके।

# आपसी भाईचारे को मजबूत करता है होली का पर्व: रामवीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** विधायक ठाकुर रामवीर सिंह आज कुंदरकी विधानसभा के ग्रामों करीमपुर जब्ती, मालीपुर रतनपुरकलां ,मदारपुर विचोला, पंडित नगला, नवाब अली मिलक , ताहरपुर अब्बल और ताहरपुर दोयम में होली मिलन समारोह के सम्मिलित हुए। जिनमें बड़ी संख्या में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि होली का पर्व समाज में आपसी मेल-मुलाक. ात और भाईचारे को मजबूत करने का अवसर देता है।

आप सब मेरे परिवारजन हैं, त्यौहार परिवार के साथ मनाए जाते हैं इसलिए में भी हर गांव जाकर आपके साथ होली मिल रहा हूँ। में जनता की सेवा के संकल्प के साथ राजनीति में आया हूँ और जीवन की अंतिम सांस तक लोगों की सेवा करता रहूंगा। पूरी कुंदरकी विधानसभा में आज बिना किसी भेदभाव के काम हो रहा है। कुंद. रकी विधानसभा का हर गांव विकास की यात्रा से जुड़ेगा। क्षेत्र की जनता ने गरीबों के राशन को लूटने वालों को हमेशा के लिए भगा दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके रहते गरीबों का हक कोई नहीं मार सकता। उन्होंने यह भी कहा कि जहां कहीं से भी गरीबों की आवाज उन तक पहुंचती है, वे बिना देर किए वहां उपस्थित होते हैं। इस अवसर पर राकेश बाबू, संजीत कुमार, संतोष कुमार, लाखन सिंह, मेवाराम, रामपाल सिंह, खचेडू सिंह, गंगासरन, हरि सिंह, सूरज पाल, अशोक कुमार, आदेश वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

## बारिश से बढ़ी किसानों की परेशानी रुका सरसों निकासी का काम



**कांठ( शाह टाइम्स )।** अचानक आई बारिश से किसानों की परेशानी बढ़ गई और इससे सरसों निकासी का काम भी रुक गया कल तक मौसम ठीक था और सरसों कटाई और गहाई का काम इस समय जोरों पर चल रहा था हालांकि किसानों को पलेवे के लिए पानी की आवश्यकता तो थी लेकिन बारिश से सरसों की फसल को काफी नुकसान होना था। अचानक रात को बारिश शुरू हुई तो किसानों की परेशानी बढ़ गई जिन किसानों को आज सरसों की निकासी करनी थी उनका काम पूरी तरह से रुक गया खेत में कटी पड़ी सरसों के कारण किसानों की परेशानी और बढ़ गई लेकिन इसी बूंदाबा. ंदी के बीच जिन्हें बड़ी मशीन मिल गई उन्होंने तो निकासी कर ली मगर छोटी मशीन वाले किसान मौसम साफ होने का इंतजार करते रहे हालांकि शाम को मौसम साफ हुआ तो किसानों ने राहत महसूस की लेकिन आने वाले दिनों में बिगड़े मौसम को लेकर किसानों की चिंता तो बढ़ ही गई है।

# अंबेडकर संघ ने कांशीराम को किया याद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** अखिल भारतीय अंबेडकर संघ की ओर से रविवार को अंबेडकर पार्क बिलारी में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें बहुजन समाज के महानायक मान्यवर कांशीराम के जीवन और उनके विचारों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डॉ. जगतपाल सिंह ने की, जबकि संचालन डॉ. कुंवर सिंह ने किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मान्यवर कांशीराम का जन्म पंजाब प्रांत के जिला रोपड़ में हुआ था और उन्होंने समाज के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने बामसेफ की स्थापना कर समाज को नई दिशा देने का कार्य किया और जीवन भर अविवा. हित रहकर समाज सुधार के लिए काम करते रहे। वक्ताओं ने कहा कि मान्यवर कांशीराम ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और सिद्धांतों का गहन अध्ययन किया और समाज में फैली छुआछूत, ऊंच-नीच, अस्पृश्यता और शोषण जैसी कुरीतियों को खत्म करने के लिए लगातार संघर्ष किया। उन्होंने वर्ष 1984 में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना कर बहुजन समाज को संगठित करने का अभियान चलाया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि मान्यवर कांशीराम साइकिल से गांव-गांव और शहर-शहर जाकर लोगों को जागरूक करते थे तथा संसद में पहुंचकर दलित और शोषित समाज की आवाज बुलंद करते हुए उनके अधिकारों की मांग करते थे। इस अवसर पर अंबेडकर संघ तहसील बिलारी के कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर पार्क में एकत्रित होकर मान्यवर कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। बैठक में डॉ. जगतपाल सिंह, डॉ. कुंवर सिंह, लाल सिंह गौतम, हरिशंकर बौद्ध, प्रेम किशोर, डॉ. विजयदीप, जयवीर सिंह जाटव, शेर सिंह राणा, राहुल कुमार, मुन्ना सिंह, राम अवतार, मनोज कुमार, डॉ. ओम प्रकाश, विजय पाल, अभिषेक सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद।

# स्वास्थ्य मेले में 39 मरीजों का हुआ उपचार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मद इब्राहिमपुर में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्र के ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं और कुल 39 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार व परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य मेले में आए मरीजों में 10 पुरुष, 23 महिलाएं और 6 बच्चे शामिल रहे। जांच के दौरान 6 मरीज बुखार से पीड़ित पाए गए, जबकि 13 मरीज पेट संबंधी समस्याओं से ग्रसित थे। इसके अलावा 5 मरीज फेफड़ों से जुड़ी बीमारी, 5 मरीज त्वचा रोग, 2 मरीज डायबिटीज और 3 गर्भवती महिलाओं की भी जांच कर उन्हें आवश्यक सलाह और दवाएं दी गईं। अन्य 5 मरीजों का भी सामान्य बीमारियों के लिए उपचार किया गया। मेले का संचालन वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहम्मद मोनाजिर इमाम के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जरूरी जानकारी भी दी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय सहयोग किया, जिससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सका। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि ऐसे मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनके नजदीक ही बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 16 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# चुनाव की घोषणा

रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने असम की 126, केरल की 140, पुड्डुचेरी की 30, तमिलनाडु की 234 और पश्चिमी बंगाल की 294 सीटों वाली विधानसभाओं के लिए चार राज्य और एक केंद्रशासित प्रदेश के लिए चुनाव की घोषणा कर दी। जहां असम, केरल और केंद्रशासित पुड्डुचेरी और तमिलनाडु में एक चरण में चुनाव कराया जाएगा। वहीं पश्चिमी बंगाल में दो चरणों में चुनाव होगा। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के अनुसार असम, केरल, पुड्डुचेरी में चुनाव 9 अप्रैल को होगा, जबकि तमिलनाडु का चुनाव भी 1 चरण में 23 अप्रैल को होगा। पश्चिमी बंगाल में 23, 29 अप्रैल को चुनाव कराए जाएंगे। ये चुनाव ऐसे समय में हो रहे हैं, जब एसआईआर को लेकर घमासान मचा हुआ है और लगभग तमाम विपक्ष ही एक स्वर में चुनाव आयोग पर यह आरोप लगा रहा है कि उसने पारदर्शिता से काम नहीं लिया है और बड़ी संख्या में मतदाताओं को उनके अधिकारों से वंचित कर दिया है। प. बंगाल जहां एसआईआर को लेकर सबसे ज्यादा बवाल मचा है और वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बीते बुधवार से धरने पर बैठी हैं। 60 लाख से अधिक मतदाता एसआईआर प्रक्रिया के तहत वोट देने से वंचित कर दिए गए हैं। निश्चित रूप से यह बड़ी संख्या है और इस पर गंभीरता से विचार होना ही चाहिए। बेशक चुनाव आयुक्त को संवैधानिक रूप से यह अधिकार मिला हुआ है कि वह ऐसी व्यवस्था करे जिससे कोई पात्र वोटिंग होने से वंचित न रह पाए। वहीं, अपात्र लोग चुनाव प्रणाली में हिस्सा न लें, लेकिन ऐसा करते हुए बेहद सावधानी की जरूरत भी है और यह केवल कोई भी अपने बलबूते नहीं कर सकता। उसमें सभी के सहयोग की आवश्यकता होगी। चुनाव आयोग यहां कुछ पिछड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। हालांकि वह कह रहा है कि उसने अपनी तरफ से भरसक कोशिश की है कि त्रुटिरहित वोटर लिस्ट बने जिसमें किसी भी कीमत पर पात्र लोगों के नाम न छूट पाएं, लेकिन जैसाकि हमने कहा कि विपक्ष चुनाव आयोग के तर्क को नहीं मानता और उसका मानना रहा है कि उसका झुकाव केंद्र की मोदी सरकार की तरफ है और उसके इशारे पर ही वह अपना काम करता है। निश्चित रूप से यह विपक्ष का गंभीर आरोप है और इस पर सफाई आनी ही चाहिए, लेकिन चुनाव आयोग की तरफ से अब तक जो सफाई आई है वह दुर्भाग्य से दूर करती दिखाई नहीं दे रही है। भले ही चुनाव आयोग की मंशा कितनी भी साफ क्यों न हो, अगर उस पर संदेह के बादल मंडराते हैं, तो यह भी उसकी जिम्मेदारी है कि वह इन संदेह को दूर करे। आखिर चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शी तभी कहे जाएंगे, जब सबकी भागेदारी उसमें हो। यह अच्छी बात है कि अबकी बार राज्यों के चुनावों में चुनाव आयोग समय सीमा घटाई है और सात से दो चरणों में ले आया है।

## शासन में निरंतरता एक बुनियादी सच्चाई



ईरान में स्थित चाबहार बंदरगाह इस दौरान परिदृश्य में नहीं है और इसका अदृश्य होना सरकार की कूटनीति के लिए और बड़ा झटका है, सरकार को चाबहार परियोजना को लेकर स्थिति स्पष्ट कर बताना चाहिए कि क्या भारत अब भी इस परियोजना में शामिल है, अगर ऐसा नहीं है तो यह भारत के लिए बडा रणनीतिक झटका है, इस परियोजना में स्थिति क्या है या क्या फिलहाल उसके निवेश संबंधी दायित्व पूरे हो चुके हैं, चाबहार के परिदृश्य में नहीं होना पश्चिम एशिया कूटनीति में भारत के लिए दूसरा रणनीतिक झटका दिखता है, तार्जिकस्तान के अयनी के वायुसेना अड्डे को भारत पहले ही बंद कर चुका है, शासन में निरंतरता एक बुनियादी सच्चाई है, जिसे मोदी कभी स्वीकार नहीं करते।

**–जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# डाटा, सहमति और संविधान : डिजिटल शक्ति पर भारत को पुनर्विचार करना होगा





अली ज़ैदी

डिजिटल युग में डेटा नई शक्ति बन चुका है। जिस तरह औद्योगिक क्रांति के दौर में संसाधनों और पूंजी ने आर्थिक संरचना को परिभाषित किया था, उसी तरह आज डेटा वैश्विक अर्थव्यवस्था और सत्ता के नए समीकरण तय कर रहा है। भारत, जहां दुनिया के सबसे बड़े इंटरनेट उपयोगकर्ता समुदायों में से एक मौजूद है, इस परिवर्तन के केंद्र में खड़ा है, लेकिन इस तेज डिजिटल विस्तार के साथ एक बुनियादी संवैधानिक प्रश्न भी उभर रहा है क्या भारतीय नागरिकों के व्यक्तिगत डेटा पर उनका नियंत्रण है, या यह नियंत्रण धीरे-धीरे वैश्विक तकनीकी कंपनियों के हाथों में सिमटता जा रहा है?

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने व्हाट्सएप की 2021 की विवादित प्राइवेसी नीति से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान जो टिप्पणियां कीं, उन्होंने इस बहस को नई गंभीरता प्रदान की है। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कंपनियों को नागरिकों के निजता के अधिकार के साथ खेलने की अनुमति नहीं दी जा सकती। न्यायालय ने यह भी संकेत दिया कि व्यक्तिगत डेटा का उपयोग केवल व्यावसायिक लाभ का विषय नहीं है, बल्कि यह सीधे-सीधे नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा हुआ प्रश्न है। यह टिप्पणी दरअसल डिजिटल अर्थव्यवस्था के एक बड़े संकट की ओर इशारा करती है सहमति का संकट। आधुनिक डेटा सुरक्षा कानूनों की बुनियाद इस विचार पर टिकी है कि उपयोगकर्ता अपनी जानकारी स्वेच्छा से साझा करते हैं, लेकिन व्यवहारिक स्तर पर यह सहमति अक्सर वास्तविक नहीं बल्कि परिस्थितियों से निर्मित होती है।

आज अधिकांश डिजिटल प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं के सामने स्वीकार करें या सेवा छोड़ दें जैसी स्थिति रखते हैं। जब एक व्यक्ति के लिए डिजिटल संचार, बैंकिंग, रोजगार और सामा. जिक संपर्क लगभग पूरी तरह इन प्लेटफॉर्मों पर निर्भर हो जाए, तब ऐसी सहमति को पूरी तरह स्वतंत्र नहीं कहा जा सकता। इसी कारण कई विशेषज्ञ इसे निर्मित सहमति कहते हैं। उपयोगकर्ताओं को अक्सर लंबी और जटिल गोप. नीयता नीतियों को बिना समझे स्वीकार करना पड़ता है। इससे डिजिटल प्लेटफॉर्मों को विशाल मात्रा में व्यक्तिगत डेटा तक पहुंच मिल जाती है, जिसका उपयोग केवल सेवा सुधार के लिए ही नहीं बल्कि व्यापक डेटा-आधारित व्यावसायिक मॉडल के लिए भी किया जाता है। इस बहस का संवैधानिक आधार सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय Justice KASA Puttaswamy v Union of India (2017) में मिलता है। इस मामले में अदालत ने स्पष्ट किया था कि निजता का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत एक मौलिक अधिकार है। यह निर्णय केवल राज्य की निगरानी तक सीमित नहीं थाय इसने यह भी संकेत दिया कि नागरिकों की सूचना संबंधी गोप. नीयता लोकतांत्रिक समाज की आधारशिला है।

इसी क्रम में सुप्रीम कोर्ट us Shreya Singhal v Union of India (2015) में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66A को निरस्त करते हुए यह स्पष्ट किया था कि डिजिटल क्षेत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को किसी भी अस्पष्ट और मनमाने कानून से प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त Anuradha Bhasin v Union of India (2020) में अदालत ने यह भी कहा कि इंटरनेट तक पहुंच अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रयोग से गहराई से जुड़ी हुई है। इन निर्णयों ने यह स्थापित किया कि डिजिटल स्पेस केवल तकनीकी क्षेत्र नहीं बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों का विस्तार है। इसी संदर्भ में डेटा का अत्यधिक केंद्रीकरण एक नई चिंता बनकर उभर रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्मों के पास केवल उपयोगकर्ताओं की बुनियादी जानकारी ही नहीं होती, बल्कि उनके व्यवहार, पसंद, सामाजिक नेटवर्क, आर्थिक गतिविधियों और यहां तक कि राजनीतिक विचारों से जुड़ा विशाल डेटा भी मौजूद होता है। जब ऐसी सूचना शक्ति कुछ सीमित कंपनियों के हाथों में केंद्रित हो जाती है, तो यह केवल निजता का प्रश्न नहीं रह जाताकृयह प्रतिस्पर्धा, लोकतंत्र और डिजिटल संप्रभुता से जुड़ा मुद्दा बन जाता है। हालांकि भारत ने हाल के वर्षों में Digital Personal Data Protection Act 2023 लागू किया है, लेकिन किसी भी कानून की वास्तविक प्रभावशीलता उसके क्रियान्वयन और नियामकीय संरचना पर निर्भर करती है। यदि डेटा संरक्षण ढांचा मजबूत, पारदर्शी और जवाबदेह नहीं होगा, तो नागरिकों की सूचना सुरक्षा केवल कागजी प्रावधान बनकर रह जाएगी। भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था आने वाले वर्षों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल भुगतान, ई-कॉमर्स और डेटा आधारित सेवाओं के कारण तेजी से बढ़ने वाली है। यह विकास निस्संदेह आर्थिक अवसरों का एक विशाल द्वार खोलता है। लेकिन इसके साथ यह जोखिम भी जुड़ा है कि नागरिकों का व्यक्तिगत डेटा एक व्यावसायिक वस्तु में बदल जाए। सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणियों को इसलिए केवल एक कंपनी की नीति पर प्रतिक्रिया के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह दरअसल एक व्यापक संवैधानिक चेतावनी है कि तकनीकी नवाचार को नागरिकों के मौलिक अधिकारों से ऊपर नहीं रखा जा सकता।

भारत के सामने चुनौती यह नहीं है कि वह डिजिटल विकास को रोकेकृबल्कि यह सुनिश्चित करे कि यह विकास संवैधानिक मूल्यों, नागरिक स्वतंत्रता और पारदर्शी शासन के साथ आगे बढ़े। अंततः सवाल यह नहीं है कि तकनीक आगे बढ़ेगी या नहींकृवह निश्चित रूप से आगे बढ़ेगी। असली सवाल यह है कि क्या यह विस्तार उस संवैधानिक ढांचे के भीतर होगा जो प्रत्एक नागरिक की निजता, गरिमा और स्वायत्तता की रक्षा करता है। सुप्रीम कोर्ट ने दिशा स्पष्ट कर दी है। अब जिम्मेदारी विधायिका, नियामकों और तकनीकी कंपनियों की है कि भारत की डिजिटल यात्रा में संविधान ही अंतिम मार्गदर्शक बना रहे।

लेखक सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता हैं,
ये उनके निजी विचार हैं

# टीकाकरण : लाखों जिंदगियां बचाने का संकल्प

भारत में लोगों को टीकाकरण का महत्व बताने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 16 मार्च को 'राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस' मनाया जाता है। दरअसल टीकाकरण कई गंभीर संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए बेहद जरूरी होता है। हमारे आसपास के वातावरण में मौजूद वायरस और बैक्टीरिया अक्सर हमें अपनी चपेट में लेकर बीमार कर देते हैं, ऐसे में वैक्सीन इन वायरस अथवा बैक्टीरिया के खिलाफ हमारी रक्षा करते हुए कई गंभीर बीमारियों से बचाती है और टीकाकरण की मदद से ही हम विभिन्न संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रह पाते हैं।

यह दिवस मनाने का उद्देश्य गंभीर बीमारियों से लड़ने के लिए टीकाकरण के महत्व को लेकर लोगों को जागरूक करना है, साथ ही यह प्रत्एक बच्चे के टीकाकरण को सुनिश्चित करने के लिए डॉक्टरों और फ्रंटलाइन हैल्थ केयर वर्कर्स की कड़ी मेहनत को सरा. हने का भी अवसर है। यह अवसर टीकाकरण की आवश्यकता को दर्शाते हुए लोगों को स्वस्थ रहने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। टीकाकरण दिवस एक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य देखभाल श्रमिकों, साथ ही अन्य हित धारकों और उनके काम की योग्य मान्यता को प्रोत्साहित करना है।

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस की शुरुआत भले ही बच्चों की वैक्सीन के साथ हुई हो लेकिन इसका महत्व सभी के लिए है। दरअसल वैक्सीन केवल बच्चों के लिए ही नहीं बल्कि बड़े-बुजुर्गों के लिए भी बेहद जरूरी होती है। वैक्सीन का विकास मानव इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक माना जाता है। वैक्सीन न केवल बच्चों को बल्कि बड़ों को भी कई गंभीर बीमारियों से बचाने में मददगार साबित होती है। वैक्सीन कई खतरनाक और गंभीर बीमारियों को रोकने का एक प्रभावी माध्यम है। टीकाकरण न केवल गंभीर बीमारियों के प्रसार को घटाता है बल्कि वैक्सीन शरीर में रोग प्रतिरोधक शक्ति भी बढ़ाती है। टीकाकरण मूल रूप से संक्रमित रोगों को फैलने से रोकने के लिए शरीर में इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद करता है, हालांकि हर बीमारी के लिए अलग टीका या वैक्सीन होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि टीकाकरण की मदद से प्रतिवर्ष 2-3 मिलियन लोगों की जान बचाई जाती है। प्रतिवर्ष 16 मार्च को ही राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस इसलिए मनाया जाता है क्योंकि यह दिन पोलियो बीमारी के खिलाफ भारत की जीत का प्रतीक है। देश में पहली ओरल पोलियो वैक्सीन खुराक देने की शुरुआत 16 मार्च 1995 को हुई थी। उसी के साथ भारत सरकार ने पोलियो को जड़ से खत्म करने का अभियान 'पल्स पोलियो' शुरू किया था, जो 'दो बूंद जिंदगी की' के नाम से लोकप्रिय हुआ था। वह ऐसा दौर था, जब देश में पोलियो के मामले तेजी से बढ़ रहे थे। तब पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों को समय-समय पर पोलियो वैक्सीन की दो बूंद दी जाती थी। पोलियो के खिलाफ व्यापक रूप से चलाए गए उस अभियान के परिणामस्वरूप ही भारत 2014 में पोलियो मुक्त देश बना था। भारत में पोलियो का आखिरी मामला 2011 में पश्चिम बंगाल में दर्ज किया गया था और 2014 में डब्ल्यूएचओ द्वारा भारत को पोलियो मुक्त राष्ट्र घोषित कर दिया गया था। पिछले कुछ वर्षों में टीकाकरण जीवन-घातक संक्रामक रोगों को नियंत्रित करने और समाप्त करने में बेहद कारगर साबित हुआ है। पोलियो और चेचक जैसी महामारी का रूप ले चुकी बीमारियों से निजात दिलाने के लिए तो देश में समय-समय पर टीकाकरण अभियान चलाए ही जाते रहे लेकिन देश का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान 2020 में कोविड महामारी के बाद चलाया गया और उस दौरान टीकाकरण का महत्व सर्वोपरि हो गया था। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक टीकाकरण के लाभ केवल स्वास्थ्य और जीवन प्रत्याशा में सुधार तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि समुदाय के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी इससे सामाजिक और आर्थिक प्रभाव पड़ते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक भारत ने वर्ष 2017 से 2020 के बीच 32।4 करोड़ बच्चों का एमआर (खसरा-रूबेला) टीकाकरण किया था। खसरा और रूबेला संक्रमण से बचाव के लिए एमआर टीकाकरण किया जाता है। खसरा बच्चों का जानलेवा रोग है, जिससे ग्रसित बच्चे दस्त और निमोनिया से मर सकते हैं जबकि रूबेला बीमारी से गर्भवती महिला के गर्भ में पल रहा बच्चा अंधा, बहरा, मंदबुद्धि पैदा हो सकता है और उसके दिल में सुराख जैसी भंयकर बीमारी भी हो सकती है, बच्चे की गर्भ में ही मृत्यु भी हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगटन के मुताबिक एमआर टीकाकरण बहुत सुरक्षित और उपयोगी है और इस टीकाकरण से दुनियाभर में प्रतिवर्ष करोड़ों बच्चों की जान बच जाती है। विगत तीन दशकों में टीकाकरण के क्षेत्र में भारत ने महत्वपूर्ण प्रगति की है और अब हमारे पास हेपेटाइटिस बी तथा मौसमी इन्फ्लूएंजा के लिए भी सफल टीके हैं। इसके अलावा हमारे वैज्ञानिक उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ और भी बेहतर टीके तैयार करने में जुटे हैं। भारत के कुछ नए टीकाकरण पर नजर डालें तो नवम्बर 2015 में निष्क्रिय पोलियो वैक्सीन को पहली बार 6 राज्यों में लांच किया गया था, जिसे वैश्विक पोलियो उन्मूलन पहल के हिस्से के रूप में शामिल किया गया है। डायरिया से होने वाली मृत्यु और रुग्णता को कम करने के लिए मार्च 2016 में 11 राज्यों में रोटावायरस वैक्सीन द्धआरवीवीत्र को लांच किया गया और 2019-20 में देशभर में टीकाकरण अभियान का विस्तार किया गया। भारत ने 2017 में खसरा उन्मूलन और रूबेला नियंत्रण लक्ष्यों के लिए समर्पित 'एमआर टीका' पेश किया, जिसने 9 माह से 15 साल तक के 41 करोड़ बच्चों को लक्षित किया।

**-योगेश कुमार गोयल**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शहादत-ए-खामेनेई : मर के जीना सिखा गए



पूरे विश्व को अशांति की आग में झोंकने वाले अमेरिका व उसके क्रूर सहयोगी मित्र इस्राईल द्वारा आखिरकार ईरान पर एक बार फिर युद्ध थोप कर वहां भारी नरसंहार की इबारत लिखी जा रही है। अमेरिका व इस्राईल जैसे परमाणु हथियार रखने वाले देशों का कहना है कि परमाणु हथियार रखना केवल उन जैसे श्जन संहारकश देशों का ही एकाधिकार है। अमे. रिका के इशारों पर नाचने से इंकार करने व उसे श्सर्वशक्तिमान श स्वीकार करने वाले ईरान जैसे देश का तो हरगिज नहीं। वैसे तो अब तक ईरान भी परमाणु हथियार बनाने से इंकार करता रहा है। परन्तु इराक की ही तरह इसी बात को बहाना बनाकर अमेरिका व इस्राईल ईरान पर टूट पड़े हैं। ईरान से रोजाना भारी जनहानि की खबरें आ रही हैं। जैसे जैसे युद्ध लंबा होता जा रहा है वैसे वैसे अमेरिका के हौसले पस्त होते जा रहे हैं और वह और भी अधिक आक्रामकता दिखाकर आम लोगों पर बंबारी कर अपनी खीज उतार रहा है। ठीक इसके विपरीत अपने सर्वोच्च गुरु अयातुल्लाह सै"यद अली खामनेई की शहादत जैसी बड़ी कुर्बानी देने तथा लगभग 170 स्कूली बच्चियों की शहादत के बाद भी ईरानी जनता का जज्बा-ए-शहादत और भी सर चढ़ कर बोल रहा है। अमेरिका-इस्राईल के विरुद्ध व मौजूदा ईरानी सत्ता के समर्थन में राजधानी तेहरान सहित ईरान के विभिन्न शहरों में लाखों लोग दिन रात अपने बुलंद हौसलों के साथ ईरानी सैनिकों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं। लाखों प्रदर्शनकारी तो शहीद होने के जज्बे के साथ अपने शरीर पर कफन लपेटकर प्रदर्शन करते देखे गए। तेहरान में तो ऐसी ही एक बड़ी रैली पर इस्राईल द्वारा बंबारी भी की गई। परन्तु ईरानियों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं।

निःसंदेह अमेरिका व इस्राईल के दबाव में पश्चिमी मीडिया दशकों से यह नरेटिव प्रसारित करता रहा है कि ईरानी सत्ता कट्टरपंथी है,यह सुन्नी जगत को निगल जाना चाहती है,अरब देशों के लिए ईरान सबसे बड़ा खतरा है, केवल अमेरिका ही ईरान से अरब देशों की रक्षा कर सकता है आदि आदि। और अरब देशों को ईरान का ही भय दिखाकर अमेरिका ने मध्य पूर्व के अरब लीग सदस्य देशों में लगभग 15 से 20 के मध्य स्थाई और प्रमुख सुविधाओं वाले सैन्य ठिकाने बना रखे हैं। यहां अमेरिकी सैनिकों की तैनाती 40,000 से 50,000 के आसपास है। कतर,बहरीन,कुवैत,संयुक्त अरब अमीरात,सऊदी अरब,जॉर्डन,इराक,मिस्र,सीरिया के अतिरिक्त कई छोटे काउंटर-टेररिज्म बेस भी शामिल हैं। जबकि ओमान जैसे कई देशों में अमेरिका की एक्सेस या पोर्ट सुविधाएं मौजूद हैं, हालांकि यहां पूर्ण अड्डे नहीं हैं। इन भारी भरकम सैन्य मौजूदगी के बल पर ही अमेरिका व इस्राईल अधिकांश खड़ी देशों को अपने कुचक्र में उलझाकर उनके तेल भंडारों का अपनी मनमर्जी से जबरदस्त दोहन कर रहे थे तथा उनकी सुरक्षा के नाम पर अरब देशों से भरी भरकम वसूली कर रहे थे। इतना ही नहीं बल्कि ईरान का भय दिखाकर ही बड़े ही नियोजित तरीके से इन्हीं देशों को अमेरिका व इस्राईल अपने हथियार बेचते रहते थे, परन्तु गत 28 फरवरी को पवित्र रमजान के महीने में अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान पर किए गए आक्रमण में और युद्ध छिड़ते ही ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह सैय्यद अली खामनेई की शहादत ने न केवल अमेरिका व इस्राईल के अरमानों पर पानी फेर दिया बल्कि पूरे अरब जगत की आंखें भी खोलकर रख दीं। ईरान पहले ही कह चुका था कि यदि उसपर अमे. रिका का हमला हुआ तो वह मध्य पूर्व में मौजूद अमे. रिकी सैन्य ठिकानों को सबसे पहले निशाना बनाएगा। क्योंकि इन्हीं सैन्य अड्डों का इस्तेमाल अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान के विरुद्ध किया जा रहा था। लिहाजा सामरिक .ष्टिकोण से भी यही सैन्य अड्डे ईरान के निशाने पर थे। और वही हुआ कि अमेरिका-इस्राईल के हमले के जवाब में ईरान ने इन्हीं अमेरिकी सैन्य ठिकानों को सबसे पहले निशाना बनाया। ईरान के दावों के अनुसार नहीं बल्कि द न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित उसके गत 11 मार्च के विश्लेषण के मुताबिक मध्य पूर्व में ईरान के हमलों से कम से कम 17 अमेरिकी सैन्य, राजनयिक और वायु रक्षा स्थलों को भारी नुक्सान पहुंचा है। यह हमले मुख्य रूप से बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब, कतर और यूएई सहित खाड़ी देशों में स्थित ठिकानों पर किए गए। इनमें अनेक अमेरिकी सैनिक मारे गए व कई घायल हुए। इसके बाद अमेरिका ने उन प्रभावित सैन्य ठिकानों से अपने तमाम सैनिकों को वापस बुला लिया। और जिन अरब देशों की सुरक्षा के नाम पर गत 4 दशकों से गलतफहमी का शिकार बना रखा था उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया। इतना ही नहीं बल्कि अमेरिका ने अपने नागरिकों को एक एडवाइजरी जारी कर उन्हें सऊदी अरब,संयुक्त अरब अमीरात,कुवैत,कतर,बहरीन,ओमान,जॉर्डन,मिस्र,लेबनान,यमन,इराक तथा सीरिया जैसे देशों को तत्काल छोड़ने की सलाह भी दे दी।

अमेरिका द्वारा पीठ दिखाने के बाद पूरा इस्लामी जगत यह सोचने के लिए मजबूर हो गया कि वास्तव में अमेरिका द्वारा जिस ईरान को अरब देशों के लिए खतरा बताया जा रहा था वह ईरान नहीं बल्कि खुद अमेरिका ही उनके लिए सबसे बड़ा खतरा है। खामनेई की शहादत के बाद जिस तरह पूरे विश्व की अनेक सांसदों व विधानसभाओं में सड़कों व बाजारों में खामनेई को श्रद्धांजलि पेश की गई और साथ ही पूरे विश्व में शिया सुन्नी एकता के जो लहर दिखाई दे रही है उसकी तो अमे. रिका ने कल्पना भी नहीं की होगी। आज केवल दुनिया के मुसलमान ही नहीं बल्कि क्रूर व शुद्ध व्यवसाई मान. सिकता रखने वाले अमेरिकी साम्राजयवाद से त्रस्त आ चुकी पूरी दुनिया आयतुल्ला खामनेई की शहादत को इसी लिए सलाम कर रही है कि उन्होंने शहीद होकर न केवल विश्वसतर पर शिया सुन्नी की उस खाई को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जो अमेरका व इस्राईल द्वारा ही गहरी की गई थीं बल्कि उन्होंने अमेरिकी के आगे घुटने टेकने से इंकार कर यह भी बता दिया कि ब्रह्माण्ड में सर्वशक्तिमान कोई अमेरिका जैसा देश या उसका कोई सनकी राष्ट्रपति नहीं बल्कि वही है जो श्सबका मालिकश है और वह एक है और वही सबके लिए श्सर्वशक्तिमानश है। आयतुल्लाह खामनेई की शहादत पर श्रद्धांजलि स्वरूप कुंवर महेंद्र सिंह बेदी सहर द्वारा कही गई यह पंक्तियां सटीक बैठती हैं - जी के मरना तो सब को आता है। मर के जीना सीखा दिया तूने।

**-तनवीर जाफरी**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



जयपुर। आपूर्ति संकट के बीच एलपीजी सिलेंडर लेकर कतार में इंतजार करते लोग।

## पाकिस्तान में सरकारी कर्मचारियों की सैलरी में 30 प्रतिशत तक कटौती

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बढ़ते फ्यूल संकट के बीच सरकार ने खर्च कम करने के लिए कई बड़े फैसले किए हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय किया गया कि सरकारी कंपनियों और सरकार के अधीन स्वायत्त संस्थानों के कर्मचारियों की सैलरी में 5 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक कटौती की जाएगी। सरकार का कहना है कि इन कदमों से जो पैसा बचेगा, उसे लोगों को राहत देने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि अगले दो महीनों तक सरकारी गाड़ियों के लिए फ्यूल का इस्तेमाल 50 प्रतिशत तक कम किया जाएगा और करीब 60 प्रतिशत सरकारी वाहनों को सड़कों से हटा दिया जाएगा। इसके अलावा नई सरकारी गाड़ियां खरीदने पर रोक लगा दी गई है।

## पश्चिमी तट में इजरायली हमले में चार फलस्तीनी मारे गए: रेड क्रिसेंट

**रामल्लाह।** पश्चिमी तट के तम्मून शहर में इजरायली विशेष बलों की गोलीबारी में दो बच्चों सहित चार फलस्तीनियों की मौत हो गई है। फलस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने यह जानकारी दी है। रेड क्रिसेंट के अनुसार, इजरायली बलों ने एक गाड़ी पर गोलीबारी की, जिसमें ये लोग मारे गए। रेड क्रिसेंट ने एक प्रेस बयान में कहा कि उसके कर्मचारियों ने गोलीबारी का शिकार हुई गाड़ी से चारों पीड़ितों के शव बरामद कर लिए हैं। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि पीड़ित एक ही परिवार के थे। सूत्रों ने कहा कि इजरायली विशेष बल शहर के एक इलाके में दो युवकों का पीछा कर रहे थे, जिसके बाद उन्होंने वहां से गुजर रही गाड़ी पर गोलीबारी कर दी। इस घटना के संबंध में इजरायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

# ईरान में सत्ता परिवर्तन की उम्मीदें धूमिल

## इजरायली पीएम नेतन्याहू के सामने नई राजनीतिक चुनौती

**तेल अवीव।** ईरान के खिलाफ युद्ध में सैन्य हमलों और शीर्ष नेतृत्व पर हमले के बावजूद तेहरान में सत्ता परिवर्तन की संभावना कमजोर पड़ती दिख रही है। ऐसे में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अब एक नई राजनीतिक चुनौती का सामना कर रहे हैं।

इजरायली सैन्य और राजनी. तिक नेतृत्व अब इस युद्ध को मधय पूर्व की रणनीतिक तस्वीर बदलने वाली कार्रवाई के रूप में पेश कर रहा है, जबकि तेहरान में शासन परिवर्तन का लक्ष्य पूरा होता नहीं दिख रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल के सैन्य व राजनीतिक नेतृत्व की ओर से ईरान के खिलाफ युद्ध को मधय पूर्व की शक्ति संतुलन को बदल देने वाली कार्रवाई बताया जा रहा है। तेल अवीव स्थित पत्रकार और यूएस-इजरायल थिंक टैंक इजरायल पालिसी फोरम से जुड़े नीति सलाहकार नेरी जिलबर के अनुसार, नेतन्याहू इस युद्ध को ऐतिहासिक जीत बताने की को. शिश कर रहे हैं। यदि तेहरान की मौजूदा सत्ता कमजोर या समाप्त हो जाती, तो लेबनान में हिज्बुल्लाह और गाजा में हमास जैसे समूहों को मिलने वाली वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और हथियारों की आपूर्ति पर गहरा असर पड़ सकता था। इजरायल का मानना रहा है कि इससे क्षेत्रीय सुरक्षा वातावरण पूरी तरह बदल सकता है। इजरायल ने कई बार ईरानी जनता से मौजूदा व्यवस्था के खिलाफ उठ खड़े होने की अपील भी की। इजरायल के भीतर कुछ लोग नेतन्याहू के इन संकेतों को इस रूप में देख रहे हैं कि संभवत: युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव बढ़ रहा है। तेजी से बढ़ती तेल कीमतों के कारण अमे. रिका की सरकार पर भी संघर्ष समाप्त करने का दबाव बताया जा रहा है। जून 2025 के बाद सिर्फ आठ महीने में ही इजरायल फिर युद्ध में लौट आया। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान मिसाइल कार्यक्रम फिर खड़ा कर रहा था और उसे तथा अपने परमाणु कार्यक्रम को गहराई में भूमिगत ले जाने की योजना बना रहा था। इजरायल के अखबार येदियोथ अहरोनोथ के रक्षा संवाददाता ने लिखा है कि ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स के भीतर आंतरिक तनाव व कुछ मामलों में सैनिकों के पलायन जैसी घटनाएं सामने आई हैं। नेतन्याहू का संकेत है कि इजरायल युद्ध के जरिए परिस्थितियां बदल पीछे हट सकता है। हालांकि तेहरान में सत्ता बरक. रार रहने की स्थिति नेतन्याहू के लिए जोखिम भी पैदा कर सकती है। विश्लेषक नेरी जिलबर के अनुसार, नेतन्याहू की पूर्ण विजय की घोषणाएं वास्तविकता में नहीं बदलतीं हैं तो यह उनके खिलाफ जा सकता है।

■ इजरायल ने कई बार ईरानी जनता से मौजूदा व्यवस्था के खिलाफ उठ खड़े होने की अपील भी की



# US को पश्चिम एशिया छोड़ देना चाहिए: पेजेशकियान

## अगर इस इलाके को सुरक्षित बनाना है, तो अमेरिका की मौजूदगी यहां नहीं होनी चाहिए: ईरान

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव के बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा और शांति के लिए अमेरिका को पश्चिम एशिया से बाहर चले जाना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर अपनी बात रखते हुए लिखा कि अगर इस इलाके को सुरक्षित बनाना है, तो अमेरिका की मौजूदगी यहां नहीं होनी चाहिए। पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष अब काफी बड़ा रूप ले चुका है। अमेरिका, इजरायल और ईरान एक-दूसरे के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बना रहे हैं।

इसकी वजह से पूरी दुनिया में तेल और गैस की सप्लाई पर संकट पैदा हो गया है। शनिवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा बंदरगाह पर ड्रोन से हमला हुआ, जिससे वहां आग लग गई। खाड़ी मामलों के एक जानकार ने बताया कि यूएई की रक्षा प्रणाली ने ड्रोन को बीच में ही रोक दिया था। ड्रोन के मलबे के गिरने से आग लगी, लेकिन किसी के घायल होने की खबर नहीं है। जानकारों का कहना है कि यह घटना बताती है कि क्षेत्र में तनाव को रो. कना अब बहुत जरूरी है। यूएई को उसकी कमजोरी की वजह से नहीं, बल्कि व्यापार, कूटनीति और पैसे के लेनदेन में उसकी बड़ी भूमिका की वजह से बार-बार निशाना बनाया जा रहा है। प्रेस टीवी के अनुसार, ईरान की 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स' (आईआरजीसी) ने कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका और इस्राइल ने ईरान के बैंकिंग ढांचे पर हमले जारी रखे, तो खाड़ी देशों में चल रही अमे. रिकी बैंकों की शाखाओं पर हमले और तेज हो सकते हैं। ईरानी अधिकारी नायनी ने बताया कि पड़ोसी देशों में अमेरिकी बैंकों पर हालिया हमले दरअसल ईरान की संपत्तियों पर हुए हमलों का जवाब थे।

इन हमलों की वजह से कुछ समय के लिए बैंकिंग कामकाज में रुकावट भी आई। समुद्री रास्तों पर भी खतरा काफी बढ़ गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले दो हफ्तों में फारस की खाड़ी, होर्मुज जलडमरूमधय और ओमान की खाड़ी में कम से कम 17 जहाजों पर हमले हुए हैं। इन हमलों में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई है। ओमान में भारतीय दूतावास ने इस दुखद खबर की पुष्टि की है। यह पूरा विवाद 28 फरवरी को शुरू हुआ था। तब अमेरिका और इजरायल के हवाई हमलों में ईरान के कई बड़े अधिकारी और कमांडर मारे गए थे। इसके बाद से ईरान की सेना हर दिन इजरायल इलाकों और अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से हमले कर रही है। वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शनिवार को एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि होर्मुज जलडमरूमधय खुला है और यह रणनी. तिक मार्ग सिर्फ अमेरिका और इजरायल के जहाजों के लिए बंद है। ईरानी विदेश मंत्री का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दुनिया की प्रमुख शक्तियों से होर्मुज जलडमरूमध्य में अपने नौसैनिक जहाज तैनात करने की अपील की है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका किसी भी हाल में इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को खुला रखेगा। अराघची ने एक बातचीत के दौरान कहा कि होर्मुज जलडमरू खुला है। यह केवल हमारे दुश्मनों, अमेरिका और उसके सहयोगियों के टैंकरों और जहाजों के लिए बंद है। बाकी सभी के लिए आवागमन पर कोई रोक नहीं है। होर्मुज में ईरानी नाकेबंदी को लेकर किए गए सवाल पर अराघची ने कहा कि सुरक्षा चिंताओं के चलते ये नाक. बंदी की गई है। रूस और चीन को लेकर अराघची ने कहा कि रूस और चीन हमारे रणनीतिक साझेदार हैं। अतीत में हमारा घनिष्ठ सहयोग रहा है, जो अभी भी जारी है। इसमें सैन्य सहयोग भी शामिल है। ईरान के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने बताया है कि दुनिया में तेल ले जाने का एक बहुत महत्वपूर्ण समुद्री रास्ता होर्मुज स्ट्रेट अभी भी खुला है और उस पर ईरान का नियंत्रण बना हुआ है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना के कमांडर अलीरेजा तंगसीरी ने एक बयान में कहा कि अमेरिका द्वारा किए जा रहे दावे सही नहीं हैं। अमेरिका कह रहा है कि उसने ईरान की नौसेना को नष्ट कर दिया है और तेल के जहाजों को सुरक्षित रास्ता दे सकता है, लेकिन ये बातें गलत हैं। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने ईरान की तस्नीम समाचार एजेंसी के हवाले से यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया कि होर्मुज स्ट्रेट को सैन्य रूप से बंद नहीं किया गया है, बल्कि यह सिर्फ ईरान के नियंत्रण में है।



■ होर्मुज जलडमरूमध्य सिर्फ हमारे दुश्मनों के जहाजों के लिए बंद, ईरान के विदेश मंत्री का बड़ा बयान

### बिना गारंटी और हर्जाने के युद्ध का अंत संभव नहीं: अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि मौजूदा युद्ध का अंत तभी संभव है जब इस बात की पुख्ता गारंटी दी जाए कि हमले दोबारा नहीं दोहराए जाएंगे। अराघची ने एक प्रमुख अरबी समाचार पत्र 'अल-अरबी अल-जदीद' से बात. चीत के दौरान स्पष्ट किया कि युद्ध का अंत तभी संभव है जब इस बात की पुख्ता गारंटी दी जाए कि हमले दोबारा नहीं दोहराए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने संघर्ष के दौरान हुए नुकसान के लिए हर्जाने या मुआवजे के भुगतान की मांग भी उठाई है। अराघची ने क्षेत्रीय देशों के साथ मिलकर एक संयुक्त जांच समिति बनाने का प्रस्ताव भी दिया है जो क्षेत्र में हुए हमलों की बारीकी से जांच कर सके। ईरानी विदेश मंत्री ने अपने बयान में जोर देकर कहा कि तेहरान की सैन्य कार्रवाइयां केवल इस क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों और हितों तक ही सीमित रही हैं। उन्होंने इस बात का पुरजोर खंडन किया कि ईरान ने पड़ोसी देशों के किसी भी नागरिक या आवासीय क्षेत्र को निशाना बनाया है। अराघची ने आशंका जताई कि अरब देशों के नागरिक ठिकानों पर हुए हमलों के पीछे इजरायल का हाथ हो सकता है, जिसका उद्देश्य ईरान और उसके पड़ोसी अरब देशों के मधुर संबंधों में दरार पैदा करना है। अराघची ने यह भी सनसनीखेज दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के 'शाहिद' की तरह ही 'लुकास' नामक एक नया ड्रोन बनाया है, जिसका उपयोग अरब देशों में ठिकानों को निशाना बनाने के लिए किया गया है।

# जंग की वजह से लेबनान में 2 लाख बच्चे बेघर

## दुबई में पर्यटकों की कमी, रेस्त्रां-कैफे में कुर्सियां खाली



**तेल अवीव/तेहरान।** अमे. रिका-इ जरायल और ईरान जंग का आज 16वां दिन है। इस बीच इजरायल लगातार लेबनान पर भी हमले कर रहा है। इस वजह से करीब 8 लाख लोग घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं।

अल जजीरा के मुताबिक इनमें 2 लाख से ज्यादा बच्चे हैं। दुबई के बाजार, समुद्र तट और वाटरफ्रंट इलाके आमतौर पर पर्यटकों से भरे रहते हैं, लेकिन इस बार पर्यटन के व्यस्त मौसम में भी यहां असामान्य सन्नाटा दिखाई दे रहा है। ईरान के साथ चल रहे युद्ध का असर अब पूरे क्षेत्र पर पड़ रहा है। ईरान ने यूएई में कई जगहों पर हमला किया है। इस वजह से देश की 'सुरक्षित पर्यटन स्थल' वाली छवि पर भी असर डाला है। इस वजह से दुबई के कई लोकप्रिय पर्यटन स्थल, जैसे दुबई क्रीक के किनारे स्थित अल सीफ वाटरफ्रंट मार्केट और बुर्ज अल अरब जैसे लक्जरी होटलों के पास के समुद्र तटों पर आम दिनों की तुलना में काफी कम पर्यटक दिखाई दे रहे हैं। दुबई क्रीक के पास ऐतिहासिक अल फहीदी इलाके में अल सीफ मार्केट के एक कैफे की मेज पर शुक्रवार को एक दुकानदार सोता नजर आया। दुबई क्रीक के पास ऐतिहासिक अल फहीदी इलाके में अल सीफ मार्केट के एक कैफे की मेज पर शुक्रवार को एक दुकानदार सोता नजर आया। दुबई क्रीक के किनारे अल सीफ बाजार लगभग खाली नजर आ रहा है। आम तौर पर पर्यटकों से भरा रहने वाली यह जगह शुक्रवार को सुनसान दिखाई दिया। वहां एक बिल्ली टहलती दिखी। अल सीफ बाजार के एक कैफे में शुक्रवार को खाली कुर्सियों के बीच कुछ ही ग्राहक बैठे दिखाई दे रहे हैं। दुबई में बुर्ज अल अरब और जुमेराह मार्सा अल अरब होटलों के आगे की बीच शुक्रवार को खाली नजर आई।

## ईरान का यूक्रेन को सीधा निशाना बनाने का संकल्प: ईरानी सांसद

**तेहरान।** ईरान के एक वरिष्ठ सांसद ने सोशल मीडिया पर एक विवादित बयान देते हुए कहा है कि यूक्रेन अब ईरान के लिए एक 'वैध सैन्य लक्ष्य' बन चुका है। ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा और विद. श नीति संसदीय समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी के अनुसार, यूक्रेन द्वारा अमेरिका और इजरायल के पक्ष में ईरान विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

अजीजी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इजरायली शासन को ड्रोन सहायता प्रदान करके, यूक्रेन प्रभावी रूप से इस युद्ध में शामिल हो गया है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत, यूक्रेन ने अब अपने पूरे क्षेत्र को ईरान के लिए एक वैध लक्ष्य में बदल दिया है। ईरान का आरोप है कि यूक्रेन अपनी ड्रोन विशेषज्ञता का इस्तेमाल इजरायल और पश्चिमी देशों को ईरान के विरुद्ध मजबूत करने के लिए कर रहा है। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने इस धमकी को 'हास्यास्पद' बताते हुए खारिज कर दिया है। यह स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई जब शुक्रवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने दावा किया कि 10 से अधिक देशों ने ईरानी ड्रोनों से निपटने के लिए कीव से सहायता मांगी है।

■ इजरायली शासन को ड्रोन सहायता प्रदान करके यूक्रेन प्रभावी रूप से इस युद्ध में शामिल हो गया

## ट्रम्प को झटका: प्रवासी निर्वासन सुरक्षा खत्म करने पर लगी रोक


**बोस्टन।** मैसाचुसेट्स की एक अमेरिकी अदालत के फैसले ने सोमालिया से आए प्रवासियों के अस्थाई संरक्षित दर्जे (टीपीएस) की समाप्ति पर अस्थाई रोक लगा दी है। गत माह ट्रम्प प्रशासन द्वारा मिनियापोलिस में आव्रजन संबंधी कार्रवाई के दौरान टीपीएस को खत्म करने का कदम उठाया था। अमेरिकी जिला जज एलिसन डी. बरोज ने कहा, यदि सोमालिया के टीपीएस को समाप्त होने दिया जाता है तो इसके गंभीर नतीजे सामने आएंगे। प्रवासियों के समर्थक समूह ने संघीय अदालत में एक आपातकालीन याचिका दायर कर इस समाप्ति पर रोक लगाने की मांग की थी।

# होर्मुज स्ट्रेट खोलने के लिए दूसरे देश वॉरशिप भेजें: ट्रम्प

## कहा: ईरान की सैन्य क्षमता लगभग खत्म, चीन, जापान और ब्रिटेन से भी आगे आने की अपील

**तेल अवीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर काफी सख्त बयान दिया है। उनका कहना है कि यह समुद्री रास्ता किसी भी हाल में बंद नहीं होने दिया जाएगा। ट्रम्प ने कहा कि दुनिया के कई देशों को आगे आकर इसको सुरक्षित रखना चाहिए, क्योंकि कई देशों की तेल सप्लाई इसी रास्ते से होती है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन जैसे देश भी अपने वारशिप भेजकर इस रास्ते को खुला रखने में मदद करेंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि हालिया हमलों के बाद ईरान की सैन्य क्षमता लगभग खत्म हो चुकी है, हालांकि वह अभी भी ड्रोन, समुद्री माइंस या छोटी दूरी की मिसाइलों से खतरा पैदा कर सकता है। होर्मुज स्ट्रेट ग्लोबल एनर्जी सप्लाई के लिए बेहद अहम समुद्री मार्ग है, जहां से दुनिया के करीब 20 प्रतिशत कच्चे तेल का व्यापार होता है। संयुक्त अरब अमीरात ने सोशल मीडिया पर वायरल और झूठे वीडियो क्लिप फैलाने के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ जल्दी मुकदमा चलाने का आदेश दिया है। यह कार्रवाई ईरान से जुड़े युद्ध के कारण क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच की गई है। यूएई के अटार्नी जनरल हमद सैफ अल शम्सी ने कहा कि डिजिटल प्लेटफार्म की लगातार निगरानी के दौरान यह मामला सामने आया। उनके अनुसार कुछ लोग सही गलत जानक. ारी फैलाने वाले लोगों को निष्क्रिय कर रहे थे और इससे देश की सुरक्षा और स्थिरता पर असर पड़ सकता है। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट बेन कोहेन ने कहा कि ईरान के आतंकवादी शासन के खिलाफ कड़ा कदम उठाना जरूरी है। उनका कहना है कि इजरायल ऐसे खतरे को सिर्फ रोक नहीं बल्कि पूरी तरह खत्म करना चाहता है। उन्होंने कहा कि इजरायल का लक्ष्य टिक-टिक करते टाइम बम को सिर्फ निष्क्रिय करना नहीं, बल्कि उसे पूरी तरह हटाना है। उनके मुताबिक इजरायल ऐसी स्थिति में नहीं रह सकता जहां कोई शासन खुलेआम इजरायल और अमेरिका के खिलाफ धमकियां देता हो। लेबनान ने इजरायल से बातचीत के लिए सीजफायर की शर्त रखी इजरायल ने संकेत दिया है कि वह 2006 के बाद लेबनान पर बड़ा जमीनी हमला कर सकता है। इसी बीच तनाव कम करने के लिए बातचीत की तैयारी भी चल रही है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस मामले को संभालने के लिए अपने करीबी सहयोगी रान डर्मर को जिम्मेदारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, बातचीत जल्द ही शुरू हो सकती है और इसमें अमेरिका की ओर से जेरेड कुशनेर शामिल हो सकते हैं। वहीं लेबनान के नेता नबीह बेरी ने कहा है कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन उससे पहले युद्धविराम होना जरूरी है।



■ ट्रम्प ने कहा कि दुनिया के कई देशों को आगे आकर इसको सुरक्षित रखना चाहिए, क्योंकि कई देशों की तेल सप्लाई इसी रास्ते से होती है

# महासचिव गुटेरेस ने भी सुरक्षा परिषद पर उठाए सवाल

## बोले: ये आज भी 1945 के समय में फंसी है

**बेरूत।** संयुक्त राष्ट्र के महासचि. चव एंटोनियो गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद की कार्यप्रणाली की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि हमें यह मानना होगा कि सुरक्षा परिषद के साथ एक बड़ी समस्या है। उनके अनुसार, आज की सुरक्षा परिषद दुनिया के मौजूदा हालात को नहीं दर्शाती। यह आज भी 1945 के समय की दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही है जब इसे बनाया गया था।

बेरूत में एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान गुटेरेस ने बताया कि 15 देशों वाली इस परिषद में पांच स्थाई सदस्य हैं। इनमें से तीन देश यूरोप से हैं, एक एशिया से है और एक अमेरिका है। हैरानी की बात यह है कि अफीका और लैटिन अमेरिका जैसे बड़े क्षेत्रों का कोई भी देश इसका स्थाई सदस्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि एशिया की आबादी और दौलत दुनिया में बहुत ज्यादा है, फिर भी यहां से सिर्फ चीन ही स्थाई सदस्य के तौर पर शामिल है। गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद की काम के तरीके पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 'वीटो' पावर की वजह से परिषद सही समय पर जरूरी फैसले नहीं ले पाती। जब भी किसी युद्ध को रोकने की जरूरत होती है, कोई न कोई स्थाई सदस्य वीटो का इस्तेमाल कर देता है। इससे शांति की कोशिशें बीच में ही रुक जाती हैं। गुटेरेस को फिलहाल ऐसी उम्मीद नहीं है कि आने वाले कम समय में इन हालातों में कोई बदलाव होगा। सुरक्षा परिषद के ढांचे की बात करें तो चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका के पास वीटो की ताकत है। बाकी 10 अस्थाई सदस्यों को दो साल के लिए चुना जाता है, लेकिन उनके पास वीटो का अधिकार नहीं होता। भारत पिछले कई दशकों से सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग कर रहा है। भारत का कहना है कि 1945 में बनी यह व्यवस्था 21वीं सदी की जमीनी हकीकत और राजनी. ति से मेल नहीं खाती।



■ 'वीटो' पावर की वजह से परिषद सही समय पर जरूरी फैसले नहीं ले पाती: गुटेरेस

### बेरुत में हिजबुल्लाह के कमांड सेंटरों को तबाह करने का इजरायल का दावा

**बेरुत।** इजरायली सेना ने शनिवार को लेबनान की राजधानी बेरुत में हिजबुल्लाह की विशिष्ट 'रदवान फोर्स' के कई महत्वपूर्ण कमांड सेंटरों को नष्ट करने का दावा किया है। ए इजरायली सेना का कहना है कि ए हमले 'ऑपरेशन रोरिग लायन' का हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य हिजबुल्लाह की सैन्य क्षमताओं और उनके नेतृत्व ढांचे को पूरी तरह से ध्वस्त करना है। इजरायल के अनुसार, हिजबुल्लाह जानबूझकर नागरिक क्षेत्रों के बीच अपनी सैन्य बुनियादी सुविधाएं स्थापित कर रहा है, जिससे आम लोगों की जान को खतरा पैदा हो रहा है। इजरायल ने चेतावनी दी है कि चिकित्सा सुविधाओं और एम्बुलेंस का सैन्य उपयोग होने पर वह अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत उन पर भी कार्रवाई करेगा।

## नेपाल में भारतीय तीर्थयात्रियों की बस खाई में गिरी, 7 की मौत

**काठमांड।** नेपाल के गंडकी प्रांत के गोरखा जिले में शनिवार रात भारतीय तीर्थयात्रियों से भरी एक बस खाई में गिर गई। इसमें 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 घायल हैं। यात्री मनाकामना मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे।

पुलिस के मुताबिक, श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक माइक्रोबस मनकामना मंदिर से लौट रही थी, तभी सड़क से फिसलकर 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में घायल 7 यात्रियों को भरतपुर स्थित चितवन मेडिकल कालेज में इलाज के लिए भेजा गया है। पुलिस के अनुसार बस में एक दर्जन से ज्यादा यात्री सवार थे। प्रशासन के अनुसार बस मनाकामना मंदिर से तनहुन जिले के अंबुखैरेनी इलाके की ओर जा रही थी। घटना के बाद देर रात तक रेस्क्यू आपरेशन जारी रहा। पुलिस ने बताया कि हादसे की दूसरे वजहों की भी जांच की जा रही है। नेपाल में शनिवार को भारतीय यात्रियों से भरी बस खाई में पलट गई। गोरखा जिला ट्रैफिक पुलिस कार्यालय के प्रमुख सूरज अर्याल ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं। सभी भारतीय नागरिक थे। जिला पुलिस प्रमुख भरत बहादुर बीके के अनुसार मृतकों की पहचान मुथु कुमार (58), अनामालिक (58), मीनाक्षी (59), शिवगामी (53), विजयल (57), मीना (58) और तमिलरसी (60) के रूप में हुई है।

■ 7 घायल, मनोकामना मंदिर से दर्शन कर लौटते समय हादसा

